शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 23, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 18 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## किसान विरोधी है मोदी सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार किसान विरोधी है। यह सरकार किसान हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। खड़गे ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि कल आंदोलन कर रहे एक किसान की मौत हो गई और तीन किसान रबर बुलेट लगने से आंखों की रोशनी खो बैठे हैं। मोदी सरकार किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी दिलाने के लिए वचनबद्ध है। हम किसानों को उनका हक दिलाएंगे। उल्लेखनीय है कि 'दिल्ली चलो' आंदोलन में हिस्सा लेने गुरदासपुर से आए एक किसान का शंभू बॉर्डर पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तीन किसानों को रबर बुलेट लगने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विदेश मंत्री जयशंकर अमेरिकी और ब्रिटिश समकक्ष से मिले

**नई दिल्ली**

जर्मनी में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटिश समकक्ष डेविड कैमरन सहित प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर हुई। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्लिंकन के साथ बैठक प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन और हिंद-प्रशांत की स्थिति पर केंद्रित थी। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों में जारी प्रगति की समीक्षा की गई। समझा जाता है कि दोनों ने भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। इससे पहले विदेश मंत्री ब्रिटिश समकक्ष कैमरन के साथ भी बैठक की। वह पेरू और बुल्गारिया के मंत्रियों से भी मिले। उन्होंने कहा कि कैमरन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर अच्छी चर्चा हुई। मंत्री ने गुजरात में चल रहे भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच का जिक्र करते हुए कहा कि इस पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। एक अन्य महत्वपूर्ण बैठक यूरोपीय संघ के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल फान्टेल्स के साथ थी। जयशंकर ने पेरू के विदेश मंत्री जेवियर गोंजालेज-ओलेचिया के साथ संयुक्त राष्ट्र सुधार और आर्थिक सहयोग के बारे में बात की और बुल्गारिया की उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों की मंत्री मारिया गेब्रियल के साथ बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

# मोदी का फॉर्मूला 370 लाएगा अभूतपूर्व चुनावी तूफान

## भाजपा के चुनावी तरकश में अनुच्छेद-370, राम मंदिर और सनातन

**नई दिल्ली**

**प्रचंड बहुमत** के साथ केंद्र में तीसरी पारी का मोदी फॉमूर्ला सटीक निशाने पर लगा तो भाजपा की जीत का ऐसा इतिहास बन सकता है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए रिकार्ड होगा। देश भर से आए भाजपा प्रतिनिधियों के सामने प्रधानमंत्री मोदी ने 370 का नारा भी दिया और मंत्र भी। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में हर बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट जुटाने का लक्ष्य दिया है। अगर आंकड़ों में इसे बदला जाए तो भाजपा की पहुंच वाले लगभग साढ़े 8 लाख बूथों से अतिरिक्त वोट के रूप में ही भाजपा को लगभग 30 करोड़ वोट मिलेंगे।

**पीएम मोदी ने पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया**

अगर 2019 के भाजपा के वोट में इसे जोड़ दिया जाए तो लगभग 97 करोड़ वोटर वाले देश में भाजपा 50 करोड़ को पार करती दिखेगी। इसी लिहाज से कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिन बूथ मजबूत करने पर केंद्रित रहने को कहा गया है। नतीजे का अहसास किया जा सकता है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम् में लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले दिन पीएम मोदी ने पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 370 सिर्फ आंकड़ा नहीं है, बल्कि भावना है। 370 सीटों पर कमल खिलाकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देना है।




**भाजपा की चुनावी रणनीति**

भाजपा की चुनावी रणनीति के साथ आत्मविश्वास और उत्साह को पीएम मोदी के इस संदेश से भी समझ सकते हैं कि उन्होंने कहा है कि 2019 की तुलना में इस बार प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट प्राप्त करने का प्रयास करना है। उल्लेखनीय है कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया है कि पार्टी संगठन ने देशभर के 8.50 लाख से अधिक बूथों तक अपनी मजबूत पहुंच बना ली है। ध्यान रहे कि 13 राज्यों के चुनावों में पड़ने वाले कुल वोट का 50 फीसद हासिल कर चुकी है।

## तू-तू मैं-मैं की राजनीति करेगा विपक्ष, ध्यान न दें: मोदी



**प्रधानमंत्री** मोदी ने यह भी संकेत दे दिया कि उन पर विपक्ष के व्यक्तिगत हमले और बढ़ सकते हैं। पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव में विपक्ष तू-तू मैं-मैं की राजनीति का भी प्रयास करेगा, लेकिन इस पर ध्यान नहीं देना है। भाजपा का चुनाव अभियान विकास के आधार, गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्य और देश को दुनिया में गौरवान्वित करने पर आधारित होगा। पीएम ने कार्यकताओं को यह भी संदेश दिया कि लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया चलती रहेगी, लेकिन कार्यकताओं को हर सीट पर कमल के फूल को प्रत्याशी मानकर चुनाव अभियान में जुटे रहना है। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ च्सह, गृह मंत्री अमित शाह, मुरली मनोहर जोशी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मोदी का 23 वर्ष का कार्यकाल भ्रष्टाचार से मुक्त रहा



**अब** कुल वोटर का 50 फीसद पाने की तैयारी है। विपक्षी दलों को लगातार भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर घेरने वाले पीएम मोदी की रणनीति में यह भी है कि आमजन तक सुशासन का संदेश पहुंचाया जाए। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक मोदी का 23 वर्ष का कार्यकाल भ्रष्टाचार और आरोपों से मुक्त रहा है। ऐसा कोई दूसरा नेता और सरकार नहीं है, इसलिए आम मतदाता तक सुशासन की यह कहानी भी पहुंचानी होगी।

**भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ**

कई चुनाव परिणामों से यह परिलक्षित हो चुका है कि खास तौर युवा वर्ग और महिलाओं का विश्वास प्रधानमंत्री मोदी के प्रति काफी मजबूत हो रहा है। लिहाजा, आगामी लोकसभा चुनाव में भी इस वर्ग पर पार्टी की नजर रहेगी। मोदी ने कहा है कि कार्यकर्ता अगले 100 दिनों के लिए कमर कस लें। भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में जनता को मिला है, इसलिए इन लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए 25 फरवरी से देशभर में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। महिलाओं पर विशेष फोकस करने के साथ ही पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं को 2014 से पहले और 2014 के बाद की तुलना कर बदलते भारत की तस्वीर भी दिखानी होगी।

## वार्ताओं के दौर के बीच फिर बढ़ी इंटरनेट पर पाबंदी, सात जिलों में लोगों को परेशानी

**रोहतक**

हरियाणा के पंजाब से लगते सात जिलों में इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी दो दिन और बढ़ा दी गई है। अब 19 फरवरी तक इंटरनेट पर पाबंदी रहेगी। 19 फरवरी रात 12:00 बजे तक हरियाणा के अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल,जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। पंजाब से चले किसान आंदोलन को हरियाणा के किसान संगठनों का समर्थन मिलना शुरू हो गया है। पिछले किसान आंदोलन में सक्रिय भूमिका में रहे भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट सहित खापें व अन्य किसान संगठन अब पंजाब के संगठनों के समर्थन में आ गए हैं। धीरे-धीरे गांव गांव आंदोलन बढ़ने लगा है। राज्य के गृह विभाग के मुताबिक, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा और पुलिस जिला डबवाली में ये इंटनेट सेवाएं बंद की गई है। पहले 11 फरवरी को सुबह छह बजे से लेकर 13 फरवरी रात 12 बजे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, बल्क एसएमएस और डोंगल सर्विस पर पाबंदी लगाई गई थी। फिर इसे दो दिन और बढ़ा दिया गया। इसके बाद यह पाबंदी 17 फरवरी तक बढ़ाई गई। अब फिर से पाबंदी बढ़ाई गई है।



## बिहार के बाद झारखंड बढ़ा रहा कांग्रेस की परेशानी, विधायकों के रूठने से हाईकमान हुए सतर्क

**नई दिल्ली**

अपने नेताओं की नाराजगी से लेकर पार्टी छोड़ने के लगातार जारी सिलसिल हलकान कांग्रेस के सामने झारखंड में उसके 12 विधायकों के विद्रोही तेवरों ने अब हाईकमान को परेशान कर दिया है। पार्टी की चौतरफा चुनौतियों के बीच झारखंड की नवगठित चंपाई सोरेन सरकार में शामिल नहीं किए जाने से नाराज इन विधायकों के असंतोष के तेवरों को थामना सूबे में राजनीतिक स्थिरता के लिहाज से अहम है। इसलिए विधायकों के असंतोष की गंभीरता को भांपते हुए पार्टी के रणनीतिकारों को तत्काल नाराजागी को संकट में तब्दील होने से रोकने के लिए लगा दिया गया है। पार्टी हाईकमान की ओर से झारखंड के प्रभारी कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर को विधायकों से सीधे और निरंतर संवाद करने का विशेष निर्देश दिया गया है।

झारखंड में विधायकों की नाराजगी से बढ़ी चिंता की सबसे बड़ी वजह सूबे में भाजपा के सियासी मौके की तलाश पर लगी निगाहें हैं। विधायकों के तेवरों का समाधान निकालने से जुड़े पाटी के एक रणनीतिकार ने कहा भी कि झारखंड में हेमंत सोरेन को हटाने के बाद भी राजनीतिक बाजी पलटने में नाकाम रही भाजपा को अब मौका देना आत्मघाती होगा। खासकर यह देखते हुए कि जेल जाने के बावजूद हेमंत ने चंपाई सोरेन को आगे कर झामुमो में किसी तरह की अंदरूनी उथल-पुथल की गुंजाइश बंद कर दी।



## पांच सदस्य कब तक 188 देशों की सामूहिक आवाज को कुचलते रहेंगे: भारत




**संयुक्त राष्ट्र**

**भारत ने** एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। देश ने सवाल उठाया कि यूएनएसी के पांच स्थायी सदस्यों की इच्छा कितने समय तक संयुक्त राष्ट्र के 188 सदस्य देशों की सामूहिक आवाज पर हावी होती रहेगी।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिका कंबोज ने शुक्रवार को यूएनएससी में सुधार की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 15 सदस्यीय निकाय में सुधार के वैश्विक प्रयासों की आधारशिला समानता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर राष्ट्र का आकार और ताकत कुछ भी हो, उसे वैश्विक फैसले लेने की प्रक्रिया में समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। इसलिए, हमारा सवाल है कि 188 देशों की सामूहिक आवाज कब तक स्थायी राज्यों की ताकत से दबती रहेगी। इसे बदला जाना चाहिए।

कंबोज का इशारा यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्यों चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका की ओर था। जिनके पास अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के मामलों में फैसले लेने के लिए वीटो का अधिकार है। यूएनएससी के दस अन्य सदस्य दो साल के लिए अस्थायी रूप से चुने जाते हैं। जिनके पास वीटो की शक्ति नहीं होती है। कंबोज ने कहा कि सदियों से हो रहे इस अन्याय को दूर करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम सभी मोटे तौर पर सहमत हो सकते हैं कि वैश्विक दक्षिण के खिलाफ किए गए ऐतिहासिक अन्याय को अब नजरअंदाज नहीं जा सकता है।

## खेती में उन्नति का नया प्लॉट तैयार कर रहे एग्री स्टार्टअप

**नई दिल्ली**

खेती का मतलब सिर्फ गेहूं-चावल उगाना भर नहीं रह गया है। धीरे-धीरे यह उद्योग का रूप भी लेने लगा है। पिछले तीन-चार वर्षों के दौरान देश में एग्री स्टार्टअप की बढ़ती संख्या बता रही है कि किसान अब परंपरागत खेती में नवाचार अपना रहे हैं। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत एग्री स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक और तकनीकी सहायता दी जा रही है। अबतक 1554 कृषि-स्टार्टअप को किश्तों में 111.57 करोड़ रुपये मिल चुके हैं।



एग्री स्टार्टअप पूरी तरह नया प्लाट है, जिसपर समृद्धि की फसलें उगाई जा सकती हैं। आसान शब्दों में इसका अर्थ स्मार्ट फार्मिंग को प्रोत्साहित करने के तरीके से लगाया जा सकता है। देश की आबादी बढ़ रही है। किंतु जमीन का आकार स्थिर है। ऐसे में सिर्फ पैदावार बढ़ाकर ही खाद्य सुरक्षा की गारंटी दी जा सकती है। मगर दूसरा पक्ष यह भी है कि कम जमीन में अत्यधिक उपज लेने के प्रयास में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल से खेत बांझ होने लगे हैं। इसी निराशा के बीच नई उम्मीद लेकर एग्री स्टार्टअप सामने आ रहे हैं, जो पैदावार बढ़ाने से लेकर उपज के उपभोग तक में कई सफल प्रयोग कर रहे हैं।

## सोनिया गांधी का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे कमलनाथ: दिग्विजय

**भोपाल**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को खारिज कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि कमलनाथ जी से मेरी बात हुई है। वह कहीं नहीं जा रहे हैं। भाजपा में जाने की बातें मनगढ़ंत है और मीडिया की बनाई हुई है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ कभी भी सोनिया गांधी का साथ छोड़कर नहीं जा सकते। जो डर रहे हैं या बिक रहे हैं, वह भाजपा में जा रहे हैं। दरअसल, शनिवार को कमलनाथ ने छिंदवाड़ा के कार्यक्रम रद्द किए और उसके बाद भोपाल होकर दिल्ली रवाना हो गए। दिल्ली में इस समय भाजपा की बड़ी बैठक चल रही है। मध्य प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेता इस समय दिल्ली आए हुए हैं। ऐसे में कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ का अचानक दिल्ली रवाना होना, उनके भाजपा में शामिल होने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।


## ज्ञानपीठ पुरस्कार का ऐलान, गीतकार गुलजार और जगद्गुरु रामभद्राचार्य को मिलेगा सम्मान

**नई दिल्ली**

जगतगुरु रामभद्राचार्य और गीतकार गुलजार को इस बार का ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञानपीठ पुरस्कार चयन समिति ने दोनों के नामों को घोषणा कर दी है। उर्दू के लिए मशहूर गीतकार गुलजार और संस्कृत के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य को 58वां ज्ञानपीठ सम्मान दिया जाएगा। गौरतलब है कि दोनों हस्तियां अपने-अपने क्षेत्र में काफी मशहूर हैं।

**गुलजार अपनी कविताओं के लिए प्रसिद्ध**

भारतीय ज्ञानपीठ के महाप्रबंधक आरएन तिवारी ने बताया कि प्रसिद्ध कथाकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में चयन समिति ने फैसला लिया। जहां जगतगुरु रामभद्राचार्य संस्कृत भाषा और वेद-पुराण के प्रकांड विद्वान हैं, वहीं गुलजार तमाम फिल्मों में गीत लिखने के अलावा गजल और कविता के क्षेत्र में मशहूर हैं।





बैठक में ज्ञानपीठ के निदेशक मधुसुदन आनन्द भी शामिल थे। गौरतलब है कि 1944 में भारतीय ज्ञानपीठ की स्थापना की गई थी। वर्ष 1965 से भारतीय साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार देने की शुरूआत हुई। संस्कृत भाषा को दूसरी बार और उर्दू के लिए पांचवीं बार ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जा रहा है। ज्ञानपीठ पुरस्कार देश का सर्वोच्च साहित्य सम्मान है। विजेताओं को पुरस्कार में 11 लाख रुपए की राशि, वाग्देवी की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। गोवा के लेखक दामोदर मौजो को 2022 का प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था।

**संस्कृत के प्रकांड विद्वान, बहुभाषाविद रामभद्राचार्य**

रामभद्राचार्य का जन्म 1950 में उत्तर प्रदेश के जौनपुर के खांदीखुर्द गांव में हुआ था। चित्रकूट में रहनेवाले रामभद्राचार्य प्रख्यात विद्वान, शिक्षाविद, बहुभाषाविद, रचनाकार, प्रवचनकार, दार्शनिक और हिन्दू धर्मगुरु हैं। रामानन्द सम्प्रदाय के वर्तमान चार जगद्गुरु रामानन्दाचार्यों में से एक हैं और इस पद पर 1988 से विराजमान हैं।

**रामभद्राचार्य 22 भाषाएं भी बोलते हैं**

रामभद्राचार्य चित्रकूट में स्थित संत तुलसीदास के नाम पर स्थापित तुलसी पीठ नामक धार्मिक और सामाजिक सेवा संस्थान के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। बहुभाषाविद् रामभद्राचार्य संस्कृत, हिन्दी, अवधी, मैथिली सहित कई भाषाओं में आशुकवि और रचनाकार हैं। रामभद्राचार्य 22 भाषाएं भी बोलते हैं।

**रामभद्राचार्य को दिया जा चुका है पद्म विभूषण**

उन्होंने 100 से अधिक पुस्तकों और ग्रंथों की रचना की है, जिनमें चार महाकाव्य (दो संस्कृत और दो हिन्दी में), रामचरितमानस पर हिन्दी टीका, अष्टाध्यायी पर काव्यात्मक संस्कृत टीका और प्रस्थानत्रयी (ब्रह्मसूत्र, भगवद्गीता और प्रधान उपनिषदों) पर संस्कृत भाष्य सम्मिलित हैं। उन्हें तुलसीदास पर भारत के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञों में गिना जाता है। 2015 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया है।

# महोरी में प्रस्तावित खेल मैदान व अंत्येष्टि स्थल निर्माण में राजस्व विभाग का खेल !

## सरकारी कार्यों में राजस्व टीम ने ऐसा खेल किया कि महकमा हैरान

अखंड भारत संदेश





**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत महोरी रीवा गांव में शासन की ओर से लाखों रुपए निर्गत किया है कि बच्चे गांव में नवनिर्मित खेल मैदान में अपनी तैयारी कर प्रतिभा निखारने का कार्य गांव से शुरू करें, वहीं गांव में अंत्येष्टि स्थल निर्माण प्रस्तावित किया गया था, जिसके लिए सरकारी नवीन परती भूमि पर अनगिनत बार लेखपाल कानूनगो की टीम नाप जोख कर डीएम एवं एसडीएम को फाइनल रिपोर्ट प्रस्तुत किया है,जिस पर दोनों परियोजनाओं पर प्रधान द्वारा कार्य सहमति से निर्माण किया जा रहा था, शनिवार को वहीं राजस्व टीम ने नया आदेश जारी कर सरकारी कार्य को रुकवा दिया गया, जिसमें सरकारी कार्य प्रभावित हो रहा है, वहीं निर्माण कार्य में लगी लोहे की सरिया कयी कुंतल? गांव के लोग काट कर उठा ले गए,जिसकी शिकायत प्रधान राजकुमार पटेल ने खंड विकास अधिकारी करछना एवं सम्बंधित थाना प्रभारी करछना नितेंद्र शुक्ला को नामजद दी गई है, वहीं राजस्व विभाग द्वारा उक्त भूमि पर बार बार अलग-अलग रिपोर्ट प्रस्तुत कर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया गया है, ग्राम प्रधान ने राजस्व टीम के खिलाफ कार्रवाई पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए उच्च अधिकारियों को गंभीरता से लेते हुए मामले को सही दिशा निर्देश के बाद सरकारी कार्य को अविलम्ब शुरू कराएं जाने की मांग की है।

## आमिर भाई भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी का उपाध्यक्ष मनोनीत



**मांडा।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल अहमद सिद्दीकी के निर्देश पर अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र अब्दुल कलाम अंसारी द्वारा आमिर शकील टंकी अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत भारतगंज को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन से क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष है। नगर पंचायत भारतगंज में जावेद अहमद, शान्ति भूषण, डब्बू सर्राफ, जुगनू सर्राफ, रामजी सर्राफ, अरशद सिद्दीकी, योगेश गिरी, मुश्ताक खान, रजलू उपाध्याय, जिबराइल खान, समीउल्ला खान, गणेश केशरी, नितेश सरोज, तबस्सुम अंसारी, अफरोज अंसारी सहित तमाम लोगों ने आमिर शंकील टंकी को इस मनोनयन पर बधाई दी।

## सीबीएसई द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**नैनी।** नैनी सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में सीबीएसई द्वारा आयोजित दो दिवसीय वर्कशॉप 16 एवं 17 फरवरी को संपन्न हुई इस वर्कशॉप का विषय गुरु दक्षता इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम था जिसमें प्रयागराज के सीबीएसई द्वारा संचालित विभिन्न विद्यालयों से 60 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। वर्तमान शिक्षा प्रणाली 5 + 3 + 3 + 4 की क्या आवश्यकता है ट्रेनिंग की क्या आवश्यकता है हमें अपडेट एवं अपग्रेड होना क्यों जरूरी है जैसे प्रमुख बिंदुओं पर एक्टिविटी के माध्यम से विषय को बड़ी सरलता से सीबीएसई द्वारा अपॉइंटेड प्रिंसिपल सिंथिया डीक्रूज मैडम एवं प्रिंसिपल मंगला मिश्रा मैडम ने प्रस्तुत किया गया। युक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी एवं सीबीएसई की तरफ से पर्यवेक्षक के रूप में डॉक्टर आनंद पांडे, डॉक्टर गिरीश चंद्र पांडे, नागेश्वर शर्मा, अनुराग पांडे उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा से शुरू हुआ पांच दिवसीय मां शीतला कृपा महोत्सव कार्यक्रम

**महोत्सव के अंतिम दिन 21 जोड़ा नवदम्पत्ति होंगे एक दूजे के जीवन साथी**



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के कुंवरपट्टी स्थित सोना भवन में पांच दिवसीय मां शीतला कृ पा महोत्सव कार्यक्रम 17 फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। उल्लेखनीय है कि आगामी 21फरवरी तक चलने वाले उक्त महोत्सव कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता इंद्र देव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन शनिवार को माघ शुक्ल पक्ष अष्टमी जल यात्रा, पंचांग पूजन, वेदी रचना, कलश यात्रा निकाली गई जो सोना भवन से चलकर गंगाघाट परवा तक पहुंची । 18 फरवरी नवमी रविवार से मानस पारायण आरंभ होगा। सोमवार 19 फरवरी को मानस पारायण विरामऔपचारिक हवन, देवी मां का महाभिषेक, भव्य श्रृंगार व छप्पन भोग तथा संत सम्मेलन सुबह 9- 10 बजे तक जबकि सामुहिक विवाहसुबह 10-12 बजे तक संपन्न होगा। इसके पश्चात मंगलवार 20 फरवरी को शिवशक्ति समर्चा एवं लखराव सवा लाख पार्थिवेश्वर महादेव की विशाल पूजा एवं अभिषेक होगा। माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी बुधवार 21 फरवरी को पूणार्हुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। श्री शुक्ल ने कहा कि उक्त अवसर हिन्दू रिति रिवाज के साथ 21 जोड़ों की शादी भी कराई जाएगी। उन्होंने इस पावन अवसर पर क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील किया है।

## शिक्षा के लिए जीवन की अहम सीढ़ी है मेहनत : रेखा यादव

**मेजा के रजवंती देवी यादव कन्या इंटर कालेज में आयोजित हुआ 12 वीं की छात्राओं का विदाई समारोह**



**मेजा।** तहसील मुख्यालय के समीप स्थित श्रीमती राजवंती देवी यादव कन्या इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर छात्राओं ने 12वीं की छात्राओं को शानदार विदाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ ही जहां नाट्य प्रस्तुति भी की गई। वहीं सीनियर छात्राओं ने कॉलेज के दिनों की यादें साझा कर भावुक हो गई। संस्था की प्रधानाचार्या रेखा यादव ने छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जीवन की अगली सीढ़ी मेहनत है। मेहनत करेंगे को मंजिल जरूर मिलेगी। उन्होंने छात्राओं को ईमानदारी से मेहनत करने की प्रेरणा दी। इस दौरान मंगला प्रसाद गुप्ता,श्यामचंद्र यादव,सुशील कुशवाहा,रामदास,मनीष,दीपक, सेख रब्बानी,अंजना पटेल और इंद्रजीत सहित समस्त शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

# शिक्षा से ही देश और समाज का होता है विकास : डा बबलू

**गेदुराही के प्रा वि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह**



**मेजा।** सरकार के मंशा के प्रदेश के सभी प्राथमिक एवं जूनियर स्कूलों में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक-अध्यापक बैठक कर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किए जाने की गाइड लाइन जारी की गई है। इसी क्रम में विकास खण्ड मेजा के गेदुराही ग्राम पंचायत में स्थित प्रा वि में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा के अधीक्षक डॉ बबलू सोनकर एवं विशिष्ट अतिथि जिला-मंत्री बोरिंग टेक्नीशियन राजेश तिवारी रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार द्वारा दोनों अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके पूर्व सर्व प्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति की गई जिसकी उपस्थित लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा किया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ बबलू सोनकर ने कहा शिक्षा हर मनुष्य के जीवन में अत्यन्त ही जरूरी है क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही अच्छे समाज का निर्माण करता है तभी देश और समाज का विकास होता है इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री ने कहा शिक्षा ही मानव जीवन का मूलभूत धन है तभी वह जीवन के सभी पड़ाव को ठीक ढंग से पार कर सकता है। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने कहा कि विद्यालय में सभी व्यस्थाओं की परिपूर्णता करना एवं लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर ग्राम पंचायत के सभी बालक-बालिकाओं को शिक्षित बनाना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यपक राम राज वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राकेश गुप्ता, शिवबाबू, आलोक, इन्द्रबहादुर, अनिल यादव, अजय यादव, रिंकू तिवारी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अध्यात्म के द्वारा हमारे जीवन का संपूर्ण विकास होता है : विज्ञान देव महाराज





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** अनंत श्री सद्गुरू सदाफल देव जी महाराज के 70वें परम निर्वाण दिवस के अवसर पर संगम तट, प्रयागराज में आयोजित पंच दिवसीय समारोह में स्वर्वेद कथा के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने समस्त विहंगम योग संत समाज के हृदय के उद्गार को एक संकल्प स्वर प्रदान किया। आध्यात्मिक नारा से सभी का उमंग, उत्साह कई गुना बढ़ गया है। संत प्रवर श्री ने बताया कि स्वर्वेद महामंदिर धाम (वाराणसी) की तरह ही स्वर्वेद महामंदिर धाम के समीप सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज की विशाल प्रतिमा बड़ी ही भव्य और दिव्य होगी। दिव्यवाणी के क्रम में भक्तों को बताया कि कर्म से बंधन और सेवा से मुक्ति होती है। अध्यात्म के द्वारा हमारे जीवन का संपूर्ण विकास होता है। अध्यात्म ही वह समाधान है जिससे सभी समस्याएं सुलझ जाती हैं। अध्यात्म मानव जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता है। दिव्यवाणी के समापन पर संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग की क्रियात्मक साधना को सिखाया। कहा कि विहंगम योग की साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है। 2100 कुंडीय विश्वशांति वैदिक यज्ञ के उपरांत मानव मन की शांति व आध्यात्मिक उत्थान के निमित्त ब्रह्मविद्या विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा आगत नए जिज्ञासुओं को दिया गया।

## मऊआइमा में नुक्कड़ सभा के अलावा विश्राम करेंगें राहुल गांधी

**मऊआइमा।** भारत जोडो न्याय यात्रा के तहत कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी मऊआइमा के प्रयागराज और प्रतापगढ़ हाईवे के निकट रविवार को नुक्कड़ सभा करेंगें।सभा के बाद सकरामऊ मैदान में रात्रि विश्राम करेंगें। उक्त जानकारी कांग्रेस पार्टी के गंगापार जिला महा सचिव सादाब ने दी। राहुल गांधी के रात्रि रूकने को देखते हुए सकरामऊ मैदान संगीनों के साये में बदल गया है।

## मऊआइमा क्षेत्र में पुलिस परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र में कुल पांच पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। एक केन्द्र पर लगभग तीन हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया।सभी केंद्र पर लगभग पन्द्रह हजार दोनों पालियों में परीक्षा दिए। हर स्थानों पर सख्त पहरा रहा। कतिपय मुन्ना भाईयों की दाल नहीं गली। बताया गया है कि मऊआइमा के राम आधार पटेल इंटर कालेज बराडीह ,विमल देवी इंटर कालेज हरख पुर ,गंगा डिग्री कालेज घीन पुर ,भोला नाथ राम सुख चक श्याम , एस एस टी बालिका इंटर कालेज उमरिया बादल में सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सकुशल परीक्षा सम्पन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

# केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड ने राममंदिर हेतु पीएम को भेजा धन्यवाद

**प्रतापपुर।** केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड प्रयागराज, कौशांबी की प्रबंध कमेटी के सदस्यों ने बैठक करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राम मंदिर अयोध्या हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है।श्री राम जन्मभूमि का विषय जो सदियों से चला आ रहा था उसका निराकरण सुप्रीम कोर्ट द्वारा 9 नवंबर 2019 के निर्णय के परिणाम स्वरुप अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। 5 फरवरी 2020 को संसद में श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र न्यास के स्थापना की घोषणा, और 5 अगस्त 2020 को भूमि पूजन, शिलान्यास का कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संपन्न हुआ। 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री रामलला की प्रतिष्ठा के साथ ही सदियों से संजोया गया स्वप्न साकार हुआ। अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया गया। राम भक्तों ने पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा से इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नरेंद्र मोदी के आवाहन पर हर मंदिर में स्वच्छता अभियान, हवन, पूजन, भंडारा एवं संध्या को हर घर में राम ज्योति के प्रकाश में दीपावली मनाई गई, आज रामलला अपने जन्म स्थान पर विराजमान हैं पूरी मानवता उनकी महिमा एवं आभा का अनुभव कर रही है। भगवान राम सबके हैं, दीनदयाल एवं कृपा निधान है। उनकी कृपा दृष्टि सब पर बनी रहे। सहकारी समिति के सभी संचालक सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को दूरदर्शी इच्छाशक्ति एवं ऊजार्वान नेतृत्व देने पर उनका हार्दिक अभिनंदन करते हुए धन्यवाद किया। अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर मंदिर का निर्माण एवं अयोध्या धाम विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने एवं निरंतर कार्य को दिशा देने के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा राम नाम का उद्घोष हम सबको सदैव ऊर्जा प्रेरणा देता रहेगा राम आग नहीं, राम ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं हैं, राम समाधान है। राम वर्तमान ही नहीं, राम अनंत काल है राम भारत की आस्था है, राम भारत का आधार है, राम भारत की प्राण प्रतिष्ठा है। राम भारत का प्रताप है, राम प्रवाह है। राम प्रभाव है, राम नीति भी है, राम नित्यता भी है। राम निरंतरता भी है, राम राम व्यापक है। राम विश्व है, विश्वात्मा है। इन शब्दों द्वारा आपने पोषित किया कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति में जो भी पवित्र है पूज्य है राम रूप में विद्यमान है। बैठक में केंद्रीय सहकारी भंडार लिमिटेड प्रयागराज, कौशांबी प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष विमलेश कुमार, संचालक संगीता पटेल, छत्रपति सिंह, कौशिकी, जितेंद्र यादव, अरविंद सिंह, केसरी सिंह, सुरेश चंद्र दुबे, राज कुमार मौर्य, संगीता पटेल, दुर्गेश पासी उपस्थित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोटि-कोटि धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।



# भविष्य निर्माण शिक्षक का दायित्व : बीईओ

**प्रयागराज।** चौथे चक्र के प्रशिक्षण के अंतिम दिन खण्ड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार क्षमाशंकर पांडेय ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों का भविष्य निर्माण करना सभी शिक्षकों का पुनीत दायित्व है, यदि आप बच्चों का भविष्य निर्माण नहीं कर रहे हैं तो आप अपना भविष्य स्वयं अंधेरे में डाल रहे हैं।बीआरसी पर 19 जनवरी से प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण जारी है। जिसके चौथे बैच का आज समापन था। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर की मुख्य भूमिका में जय सिंह, प्रभाशंकर शर्मा, अजमल अमीन अंसारी, सत्यांजलि मिश्रा, वंदना कुमारी पूनम चौधरी रही। अभी तक कुल मिलाकर 403 अध्यापकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों के आधारभूत भाषा एवं गणित कौशल के विकास पर संदर्शिकाओं के प्रयोग पर रोचक प्रशिक्षण दिया गया।

## राहुल गांधी के स्वागत के लिए कांग्रेसियों ने किया लोगों से अपील

**सहसों।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो में यात्रा के स्वागत के लिए क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने गांव में भ्रमण कर लोगों से आज यानी रविवार को प्रयागराज पहुंचकर राहुल गांधी का भव्य स्वागत करने की अपील किया। इसी परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता देवराज उपाध्याय के नेतृत्व में एक टीम बनाकर पार्टी के नीतियों और सिद्धांतों को बताते हुए सिंगरामऊ, सेमरी, तिवारीपुर आदि गांव का भ्रमण कर लोगों से वर्तमान सरकार द्वारा देश में बढ़ती मंगाई, बेरोजगारी, गरीबी एवं भुखमरी के विरोध में कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए भारी संख्या में प्रयागराज पहुंचने की अपील किया। इस मौके पर प्रभु नाथ शुक्ला, गोविंद सिंह चंदेल, सलीम टाइगर, अमन मिश्रा भीम एवं अखंड प्रताप सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# शुआट्स में 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का उद्घाटन

**नैनी, प्रयागराज।** शुआट्स के स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में एक सप्ताह के एनएसएस विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। शुआट्स के विभिन्न विभागों के सौ से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों ने इस विशेष शिविर के लिए नामांकन किया। विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य एनएसएस स्वयंसेवकों में निस्वार्थ सेवा और स्वैच्छिक कार्य की भावना पैदा करना है। शुआट्स के एनएसएस समन्वयक डॉ. दीपक कुमार बोस ने उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आशीष अलेक्जेंडर, डीन स्कूल ऑफ फिल्म्स एंड मास कम्युनिकेशन और प्रमुख, अंग्रेजी विभाग को गुलदस्ता और शॉल भेंट किया और विशेष शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया। इससे पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना सिंह घोष द्वारा परमेश्वर के आशीष वचन के साथ शिविर प्रारम्भ हुआ। एनएसएस के उप समन्वयक शुआट्स, सत्यम कुमार केसरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और राष्ट्रीय स्तर पर एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की। मुख्य अतिथि ने समुदाय में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की और स्वयंसेवकों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री केसरी ने सेवाओं के लिये स्वप्रतिज्ञा के महत्व पर जोर दिया। शिविर में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीना गुप्ता, डॉ. हीरा बोस, श्री अनुप मसीह, डॉ. अभिनव दयाल, डॉ. भावना सिंह घोष एवं डॉ. ज्योत्सना जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## महिला ने ससुरालियों पर लगाया तोड फोड का आरोप

**मऊआइमा।** मऊआइमा थानाक्षेत्र के बांकाजलालपुर गांवनिवासनीय रेखा पटेल पत्नी वीरेंद्र पटेल का आरोप है कि उसके पति बाहर रोजी रोटी के सिलसिले में रहते हैं।वह मयके रमना गयी थी।जब शनिवार को वापस लौटी तो ससुरालियों ने दरवाजा व हैंडपंप और अन्य सामान तोड दिए।रेखा पटेल ने थाने में तहरीर दी।पुलिस तहरीर ले कर जांच करने में लग गई है।

# तहसील कोरांव में प्रतिदिन स्ट्राइक नारेबाजी से फरियादी त्रस्त



**कोरांव।** कोराव तहसील में इस समय आए दिन अधिकारियों के खिलाफ अधिवक्ताओं द्वारा नारेबाजी और स्ट्राइक के चलते विधिवत काम काज ठप है। जिससे जनता मायूस हो कर वापिस लौट जा रही है। वादकारी परेशान हैं। खाश तौर से जैसे ही तहसीलदार कोर्ट में बैठते हैं वैसे ही काम काज अधिवक्ता का कुछ ग्रुप बहिस्कार कर देते हैं। कोर्ट नहीं चलने पाती। कुछ अधिवक्ताओं से बात चीत हुई तो बार बेंच की बैठक कर समाधान की आवश्यकता जताई। तहसीलदार कोराव अजय संतोषी की बातों पर यदि गौर करें तो उन्होंने कामजाज अधिवक्ता बंधुओं द्वारा बाधित न किए जाने की बात कही। जिससे जन समस्याओं वादों का समुचित ससमय निपटारा किया जा सके। उन्होंने हर काम में कार्य को ठप किया जाना सही नहीं कहा। बल्कि बातचीत से भी कोई समस्या का हल संभव है। श्री संतोषी जी ने बताया कि चार बार मैने बार अध्यक्ष को लिखित रूप से अवगत कराया। जिले में भी अवगत कराया। किंतु सामने बैठ कर कोई बात करने नहीं आता। बल्कि कोर्ट का दरवाजा धक्का दे दे कर नारेबाजी कुछ वकील कर रहे यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कम से कम बार अध्यक्ष को तो सामने आना चाहिए हस्तक्षेप के लिए या कोई भी समस्या समाधान के लिए।

# सीजेआई चंद्रचूड़ बोले, इलाहाबाद हाईकोर्ट को भी गुजरात और बिहार हाईकोर्ट की तरह सुनवाई का सीधा प्रसारण करने का दिया सुझाव



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारत के सीजेआई (मुख्य न्यायाधीश) डीवाई चंद्रचूड़ आज दूसरे दिन शनिवार को भी प्रयागराज में रहे। यहां उन्होंने माघ मेला क्षेत्र में स्थित मां पीतांबरा शक्ति पीठ के शिविर में भी पहुंचे। इसके पूर्व उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के कन्वेंशन सेंटर में नवनिर्मित मध्यस्थता केंद्र और हाईकोर्ट परिसर स्थित जजेज लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। शाम को दिल्ली के लिए रवाना हो गए।सीजेआई ने कहा कि न्याय व्यस्था में मध्यस्थता की भूमिका पुराने जमाने से ही है। ब्रिटिश शासन के दौर में भी न्यायिक व्यवस्था में भी कानूनी विवादों के निस्तारण करने में उपयोगी रही है। आशा है कि मध्यस्थता केंद्र मुकदमों के बोझ को कम करने में सहायक होगा। जटिल मुद्दे भी मध्यस्थता के जरिए सुलझाए जा सकेंगे।सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस मध्यस्थता केंद्र को प्रयागराज मध्यस्थता केंद्र के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने मध्यस्थता में बार के रोल को भी रेखांकित किया। कहा कि वादों के निस्तारण में वह भी अपनी भूमिका निभाएं। वरिष्ठ अधिवक्ता भी अपना पूरा सहयोग दें।

**सीजेआई बोले, जमानत देने में कोई दबाव महसूस न करें :**

सीजेआई ने जिला न्यायालयों में लंबित आपराधिक मुकदमों का भी जिक्र किया। कहा कि आपराधिक मामलों की सुनवाई करते समय जमानत देने में किसी तरह का दबाव न महसूस करें। उन्होंने जिला न्यायलयों के काम करने के तरीके में भी बदलाव की जरूरत बताई। इसके साथ ही जिला न्यायालयों में बुनियादी सुविधाओं के विकास की भी जरूरत बताई।

**डिजिटल प्लेटफार्म पर काम करने की जरूरत :**

उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोग भी अपने काम को जनता के बीच रखें, जिससे कि यह सवाल न खड़ा हो सके इन्हें बहुत ज्यादा छुट्टी मिलती है। उन्होंने अधिवक्ताओं को डिजिटलाइज प्लेटफार्म पर काम करने और उसे व्यवहार में लाने की जरूरत बताई। कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता भी इसके साथ जुड़े जिससे न्यायिक व्यवस्था को और जनउपयोगी बनाया जा सके। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज मित्थल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने भी अपने विचार रखे।

सिपाही भर्ती परीक्षा : धांधली के फिराक में थे सभी

# साल्वर गैंग के सरगना के साथ 10 गिरफ्तार




अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** झूंसी में एक परीक्षा केंद्र के बाहर से सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली करने की तैयारी में लगे सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत 10 को पुलिस ने दबोचा उनके पास से ब्लूटूथ, सिमकार्ड, सिम कनेक्टर आदि बरामद हुआ है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की तैयारी कर रहे हैं और इसके लिए सॉल्वर गैंग सक्रिय हो गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने झूंसी से पांच लोगों को डिवाइस के साथ दबोच लिया। इसके अलावा इनका सहयोग करने वाले अन्य पांच लोगों को भी पकड़ लिया गया है। चार अभ्यर्थी भी पकड़े गए है। कपसा थाना बहरिया और मनीष पटेल निवासी कटरौली थाना फूलपुर। इसके साथ ही अभ्यर्थी अश्मित, कमलेश, आशीष यादव और वीरेंद्र पटेल को पुलिस ने पकड़ा। सॉल्वर गिरोह के पास से चार डिवाइस, 16 एडमिट कार्ड, पांच मोबाइल सेट और दो कार बरामद हुई है। इसके साथ ही 80 हजार रुपये भी बरामद किया गया है। सभी को शुक्रवार की रात झूंसी के त्रिवेणीपुरम मैदान से पकड़ा गया है। मुख्य आरोपी विजयकांत पटेल वाराणसी, कानपुर व प्रयागराज के फाफामऊ से पहले भे जेल जा चुका है।

## परीक्षा में सेंध लगाने वालों पर एसटीएफ की रही नजर

सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने वालों की धरपकड़ के लिए एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) अलर्ट है। कुछ संदिग्धों के मोबाइल नंबर पहले से ही सर्विलांस पर लगा दिए गए हैं। जो भी पुलिस के जवान परीक्षा केंद्र के बाहर ड्यूटी पर लगाए गए हैं उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के अंदर इलेक्ट्रानिक डिवाइस, ब्लूटूथ या पेपर, पेंसिल बॉक्स, कैल्कुलेटर वालेट, सन ग्लॉस, कैप आदि न ले जाने पाएं। वहीं परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक को भी हिदायत दी गई है कि किसी भी अभ्यर्थी के स्थान पर कोई साल्वर न बैठने पर इसका पूरा ध्यान रखना होगा।

## 10 लाख में सिपाही बनाने का लिए था ठेका

**झूंसी।** साल्वर गैंग ने सभी अभ्यर्थियो से 10 लाख रुपये में सिपाही बनाने का ठेका लिया था। एडवांस 50-50 हजार रुपये भी लिया था। लेकिन उससे पहले पुलिस ने उनके मंसूबो पर पानी फेर दिया। पुलिस की माने तो फरार आरोपी का भाई भी सिपाही की परीक्षा दे रहा था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह, एसओजी प्रभारी जनपद मनोज सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक जगनारायण, उप निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, उपनिरीक्षक आशीष कुमार चौबे, प्रभारी एसओजी नगर, उप निरीक्षक हेमेन्द्र प्रताप सिहं, प्रभारी एसओजी गंगानगर, हेड कांस्टेबल अखिलेश राय, हेड कांस्टेबल विनोद दुवे, हेड कांस्टेबल याकूब अहमद, हेड कांस्टेबल रवि देव यादव, हेड कांस्टेबल रविन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल सिद्धार्थ शंकर राय, हे.का. आनंद सिंह, हे.का. देवेन्द्र प्रताप सिंह, हे.का. संतजय सिंह शामिल रहे।

# आरओ व एआरओ के अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

लोक सेवा आयोग के गेट पर की नारेबाजी, उच्चस्तरीय जांच व पुनः परीक्षा कराने की मांग



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शनिवार को भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा के बैनरतले आरओ व एआरओ के अभ्यर्थियों ने लोक सेवा आयोग के गेट पर धरना प्रदर्शन किया। मोर्चा के अध्यक्ष कौशल सिंह के नेतृत्व में प्रतियोगी छात्र आयोग के सामने जमकर नारेबाजी किए साथ ही आयोग से वार्ता करने के लिए मजबूर कर दिए। कौशल सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्य प्रतियोगी छात्रों ने आयोग के सचिव व उपसचिव के साथ सभी मांगो पर वार्ता भी की। इसमें पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने व पुनः परीक्षा कराए जाने की मांग की गई।

## आयोग ने दिया आश्वासन

आयोग को कहना है जांच कमेटी उस आईपी एड्रेस तक जल्द से जल्द पहुंच जाएगी व प्रतियोगी छात्रों के साथ न्याय होगा जो प्रतियोगी छात्रों के हित में निर्णय दिया जाएगा। साथ में आयोग ने कहा है की पूरी प्रक्रिया जांच पुनः परीक्षा और फाइनल रिजल्ट नौ से 10 महीने तक के अंदर हम लोग दे देंगे ।कौशल सिंह ने कहा प्रतियोगियों के साथ इस न्याय की लड़ाई में प्रत्येक कदम उनके साथ खड़े हैं जब तक न्याय नहीं हो जाता यह आंदोलन नहीं रुकना चाहिए। आंदोलन में उपस्थित अभ्यर्थियों में बंटी पांडेय, सतीश सिंह, राघवेंद्र तिवारी, अर्चना सिंह, नरेंद्र द्विवेदी, आशीष सिंह, रेनू चौधरी व अन्य रहे।



# जिलाधिकारी ने पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बनाये गये परीक्षा केंद्र बिशप जॉनसन कॉलेज का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रथम दिन शनिवार को जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बिशप जॉनसन कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर बनाये गये कंट्रोल रूम कक्ष में जाकर परीक्षा के संचालन का जायजा लिया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता को भी देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहे। जिले में सभी परीक्षा केंद्रों पर सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट्स तैनात रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट्स ने भ्रमण कर शान्ति व्यवस्थाओं को बनाए रखा।





# महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिकउत्सव धूमधाम से मनाया गया

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी महर्षि विद्या मंदिर पीडीए कॉलोनी के प्रांगण में वार्षिकोउत्सव कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। बच्चों ने नृत्य के माध्यम से सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। योग के माध्यम से जीवन को स्वस्थ एवं सुन्दर तरीके से जीने का संदेश दिया। छोटे बच्चों ने अपने साहस का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अन्त में रीना सिंह प्रिंसिपल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में रीता श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, प्रेरणा सिंह, अनु मखीजा, दिव्या पांडे, निधि केसरवानी एवं अर्चना दुबे उपस्थित रही।

# बीटीसी के बराबर नहीं है नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र', कोर्ट ने खारिज की अर्जी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र को बीटीसी (बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट) के बराबर मानने से इनकार किया है। कोर्ट ने अर्जियां खारिज करते हुए कहा कि बीटीसी का पाठ्यक्रम कक्षा 5 तक पढ़ाने के लिए है, जबकि सर्टिफिकेट ट्रेनिंग (शिशु शिक्षा) की पाठ्य सामग्री प्री-स्कूल से कक्षा-2 तक पढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई है। दोनों कोर्स को बराबर नहीं माना जा सकता।न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने बाराबंकी जिले की माला यादव, ममता, बिंदु यादव व अन्य की याचिकाओं को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। याचीगणों ने उप्र बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में 2013 में सहायक अध्यापक के लिए आवेदन किया था। आवेदकों ने नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर सहायक शिक्षक भर्ती की काउंसलिंग में भाग लिया, लेकिन आवश्यक योग्यता नहीं होने का हवाला देकर नियुक्त नहीं दी गई। याचीगण ने दलील दी कि उन्होंने नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र को उसी तरह से हासिल किया है, जैसे दो वर्षीय बीटीसी या दो वर्षीय उर्दू बीटीसी पाठ्यक्रम है। दावा किया कि यह प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा के बराबर है और बीटीसी के बराबर भी। लिहाजा, वह भी इसके लिए न्यूनतम पात्रता रखते हैं। सरकारी अधिवक्ता ने कहा कि याचीगण ने ऑनलाइन फॉर्म में बीटीसी उत्तीर्ण बताते हुए आवेदन किया था, जबकि उन्होंने बीटीसी कभी किया ही नहीं। यह धोखाधड़ी की गई। चूंकि न्यूनतम पात्रता बीटीसी उत्तीर्ण थी, जो याचीगण नहीं हैं। इसी के साथ कोर्ट ने याचीगण की अर्जियां खारिज कर दीं।

कार्यालय ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी।

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में वकील के घर से तलाब तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है कार्य की अनुमानित लागत 3 लाख 98 हजार रुपये प्रस्तावित है कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 18/02/2024 से 22/02/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 23/02/2024 को 2 बजे दोपहर में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार होगा।

नीरज यादव
ग्राम विकास अधिकारी
कोखराज विकास
खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी

रमेश चंद्र
ग्राम प्रधान
कोखराज विकास
खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी

# नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण अभियान



**झूंसी।** नगर निगम जोन 8 झूंसी द्वारा शनिवार को शास्त्री पुल से लेकर अंदावा तक अतिक्रमण अभियान चलाकर, सब्जी, चाय पान की दुकान को सड़क के पटरियों के किनारे से हटवाकर अतिक्रमण साफ कराया। इस दौरान तमाम दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम भी दिया। अतिक्रमण दस्ते के साथ पहुंचने जीटी रोड पर अफरा तफरी मच गई जाम की स्थिति न होने पाए इसका अनुपालन करने के लिए जोनल अधिकारी सुदर्शन चन्द्रा के नेतृत्व में नगर निगम निरीक्षक देव पाल सिंह, निरीक्षक वंदना गुप्ता के साथ जेसीबी लेकर भारी फोर्स जीटी रोड पर अतिक्रमण हटाने पहुंची तो कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल हो गया। सब्जी, चाय, पान के दुकानदार अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। अतिक्रमण दस्ते की टीम ने सभी दुकानदारों को समान समेटकर अतिक्रमण मुक्त करने की हिदायत देकर आगे चले गए।

# महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज 4 के अंतर्गत आइ क्यू ए सी और वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में लायंस क्लब एलीट के सौजन्य से महिला स्वास्थ्य विषय पर एक व्याख्यान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश के अध्यक्षता में आयोजित व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ ज्योति स्त्री रोग विशेषज्ञ कमला नेहरू अस्पताल और डॉक्टर नीना गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ इलाहाबाद एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय रहीं जिन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य पर भरपूर ध्यान देने की बात कही क्योंकि यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तभी हम किसी भी दिशा में आगे उन्नति कर सकते हैं और अपने परिवार की भी देखभाल कर सकते हैं। मिशन शक्ति कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर मंजुलता आइक्यूएसी प्रभारी प्रोफेसर सुवर्णा सरकार सह प्रभारी डॉ स्मिता पॉल और साथ ही साथ सदस्य डॉ दीपक डॉ भास्कर शुक्ला डॉ संदीप और वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर राजेश पांडेय के कुशल निर्देशन में यह कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ वी के मिश्रा संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य और मेडिकल सेवाएं उत्तर प्रदेश सरकार आर के एस चौहान नेत्र चिकित्सक, डॉ उमेश कुशवाहा, दंत चिकित्सक, डॉ ज्योति गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ और डॉक्टर अर्पण धर दुबे होम्योपैथिक के विशेषज्ञ मौजूद रहे। व्याख्यान के साथ ही साथ दंत चिकित्सक डॉ यश के सौजन्य से प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के दांतों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। इसी शिविर में नेत्र परीक्षण, हीमोग्लोबिन परीक्षण और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नैनी चाका के डॉ संजीव गुप्ता के सौजन्य से छात्राओं को नैपकिन वितरण किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।




कार्यालय ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी।

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में फुररी के घर से पुलिया तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है कार्य की अनुमानित लागत 9 लाख 98 हजार रुपये प्रस्तावित है कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 18/02/2024 से 22/02/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 23/02/2024 को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार होगा।

नीरज यादव
ग्राम विकास अधिकारी
कोखराज विकास
खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी

रमेश चंद्र
ग्राम प्रधान
कोखराज विकास
खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई सिपाही भर्ती की परीक्षा, परीक्षा केन्द्रों पर लगाया गया था जैमर



परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की गेट पर तलाशी लेते शिक्षकगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारी पुलिस व्यवस्था के बीच में आज शनिवार को सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा जिले के अनेक केन्द्रों पर शुरू हुई। शहर में एमडीपीजी कालेज, केपी हिन्दू इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज में भीड़ सुबह से ही लग गई थी, जहां तलाशी लेने के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में जाने दिया जा रहा था।

परीक्षा केन्द्रों पर अधिकारी भी नजरें गड़ाए हुए थे। जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे। यह परीक्षा शनिवार व रविवार दोनों दिन होगी। इसके लिये बहुत सारे परीक्षार्थी बाहर से यहां अपने रिश्तेदारों के यहां आकर रुके हैं और जिनका सेंटर यहां से बाहर चला गया है, उन्हें दूर परीक्षा देने जा पड़ रहा है। शहर के प्रायः सभी कोचिंग सेंटर खाली हैं क्योंकि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिये कोंचिंग सेंटरों में भीड़ उमड़ी थी। शाम साढे.पांच बजे के बाद भी परीक्षा देने वालों का पूरा आंकड़ा नहीं मिल सका। अभी कल भी इन केन्द्रों पर परीक्षा होगी। केन्द्रों के बाहर पुलिस बल मौजूद रहे तथा परीक्षा केन्द्रों पर जैमर लगाया गया था।

## चाक चौबन्द व्यवस्था के बीच सकुशल सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कस्बा में शनिवार को दो केन्द्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान आईजी प्रयागराज ने डीएम व एसपी के साथ निरीक्षण किया। व्यवस्था चाक चौबन्द देख आईजी खुश नजर आये। कस्बा स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज एवं भागवत दत्त महाविद्यालय अझारा में पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा के दोरान दोपहर में आईजी र्प्रयागराज प्रेम गौतम जिलाधिकारी संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल के साथ लालगंज पहुंचे। आईजी ने हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस व्यवस्था चाक चैबन्द नजर आयी।

# बैडमिंटन में यूपीएस कटरा गुलाब सिंह प्रदेश में चैंपियन

### तनुजा त्रिपाठी एडी बेसिक प्रयागराज और भूपेंद्र सिंह बीएसए ने बच्चों को दी बधाई



यूपीएस कटरा गुलाब सिंह के विजयी बच्चे।

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** 34वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह 2023-24 15, 16, 17 फरवरी को स्पोट्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, लखनऊ में संपन्न हुई। उद्घाटन मुख्य अतिथि संदीप सिंह राज्य मंत्री बेसिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश ने किया तथा समापन मुख्य अतिथि कंचन वर्मा महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश ने किया।

राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त मो० फरहीम के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चों ने प्रयागराज मंडल का प्रतिनिधित्व किया। प्रयागराज मंडल (प्रतापगढ़) ने मेरठ को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुरादाबाद मंडल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में वाराणसी मंडल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में चित्रकूट को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त करके प्रतापगढ़ को गौरवान्वित किया। बैडमिंटन बालक वर्ग सिंगल/डबल्स दोनों में मनीष पटेल, सूरज पटेल, मोहम्मद अनस, मोहम्मद फरदीन ने स्वर्ण पदक, बैडमिंटन बालिका वर्ग सिंगल डबल्स में सिमरन, समरीन, आन्या विश्वकर्मा ने रजत पदक हासिल किया। विजेता टीम को तनुजा त्रिपाठी सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक प्रयागराज, भूपेंद्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़, सुरेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता, कौशलेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मान्धाता उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के शिक्षक पितामह यादव, आशा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, नीतू वर्मा, रोशन ने बच्चों को बधाई दी है।

# फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के शाहबरी भीखीपुर गांव में शनिवार सुबह घर के अंदर कमरे में युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। युवक की मौत की जानकारी होते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के शाहबरी भीखीपुर गांव के बीस वर्षीय अभय कुमार वर्मा पुत्र माताफेर वर्मा का शनिवार सुबह घर के अंदर कमरे में शव लटकता मिलने से कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का कहना है कि मृतक अभय रात में करीब आठ बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में दरवाजा अंदर से बंद करके सोने चला गया। सुबह करीब नौ बजे तक वह कमरे से बाहर नही आया तो उसके पिता उसे उठाने के लिए कमरे के पास गये। कई बार आवाज देने के बाद भी दरवाजा नही खुला। खिड़की से देखने पर कमरे के अंदर उसका शव लटकता देख वह चीख पड़े। चीखपुकार सुनकर घर व गांव के लोग भी इकटठा हो गये। मृतक दो भाईयों में छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। एसओ विवेक मिश्र का कहना है कि मृतक के पिता ने इत्तेफाकिया तहरीर दी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह की जानकारी हो सकेगी।

### बाइक व साइकिल की टक्कर में दो घायल, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत ओरी का पुरवा में शनिवार सुबह बाइक व साइकिल की हुई टक्कर में दो लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया। प्रयागराज जिले के मऊआइमा निवासी अशोक सरोज 30 शनिवार सुबह बाइक से रामनगर भोजपुर क्षेत्र में रिश्तेदार के यहां जा रहा था। उधर दूसरी ओर सांगीपुर थाना के विलियमगढ़ निवासी सफीक 50 साइकिल से सगरा सुंदरपुर बाजार दूध का विक्रय करने जा रहा था। ओरी का पुरवा के पास सुबह करीब आठ बजे बाइक व साइकिल में आमने सामने टक्कर हो गयी। जिससे दोनों बाइक व साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को लालगंज ट्रामा सेण्टर से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इलाके के एक गांव की महिला के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीडिता ने आरोपी के खिलाफ शनिवार को कोतवाली में तहरीर दी है। गांव की महिला का आरोप है कि बीती शुक्रवार को सुबह वह अपने पुराने मकान से लकड़ी लेने गयी थी। वहां उसे अकेला पाकर गांव का एक व्यक्ति उसके साथ छेडछाड करने लगा। पीडिता के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी के चंगुल से किसी तरह भागकर पीड़िता घर पहुंची। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध पिस्टल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के थाना जेठवारा से उ0नि0 संजय कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी, चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र जेठवारा के डेरवा रोड़ गौशाला के पास से अभियुक्त दिग्विजय यादव उर्फ दीपू पुत्र अनिल यादव निवासी ग्राम सराय छत्ता थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़. प्रतापगढ़ को एक अदद अवैध पिस्टल 32 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जेठवारा पर मु0अ0सं0 26/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# साइकिल से अयोध्या जा रहे प्रयागराज के चिकित्सकों के दल का हुआ स्वागत

## भंगवा चुंगी चौराहे पर शिक्षकों, चिकित्सकों व हिन्दू संगठनों ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** धरती के भगवान कहे जाने वाले प्रयागराज के दो दर्जन वरिष्ठ चिकित्सकों का एक दल साइकिल से आज अयोध्या में अपने आराध्य रामलला के दर्शन के लिये रवाना हुआ। जैसे ही प्रयागराज के इन चिकित्सकों का साइकिल दल प्रतापगढ़ शहर के भंगवा चुंगी पहुंचा, वहां शिक्षकों, चिकित्सकों, हिन्दू संगठन के नेताओं, समाजसेवियों व पत्रकारों ने चिकित्सक दल का स्वागत किया।



साइकिल से अयोध्या जा रहे प्रयागराज के चिकित्सकगण।

सभी चिकित्सकों का माल्यार्पण कर राम नाम अंगवस्त्रम भेंट किया गया। किसी ने माला पहनाई तो किसी ने गुलाब भेंट किया। चिकित्सक की आत्मीयता पाकर खुश दिखाई दिये और 10 मिनट का समय देने वाला चिकित्सक दल आधा घंटा रुककर जय श्रीराम का नारा लगाते हुए चैक घंटाघर होते हुए सुल्तानपुर, अयोध्या की ओर चला गया। चिकित्सकों के इस दल में इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष अनिल शुक्ला के अलावा डा0 उत्सव सिंह, डा0 आशीष द्विवेदी, डा0 हिमांशु भूषण, डा0 क्षितिज श्रीवास्तव, डा0 पंकज खत्री, रानू विक्रम सिंह, डा0 सौरभ गुजराती, डा0 प्रशांत त्रिपाठी, डा0 राजीव गौतम, मयंक अवस्थी, डा0 बीके सिंह, डा0 सुभाष चंद्र वर्मा, डा0 अतुल दुबे, डा0 सुबोध जैन, डा0 अरुण तिवारी, डा0 मोहित जैन, डा0 पंकज गुप्ता, डा0 सीएस गुप्ता, डा0 आशुतोष गुप्ता, डा0 अभिषेक शरण, डा0 अनुराग वर्मा, पंकज कमेरा, डा0 कुमार कीर्ति सिंह शामिल रहे। डा0 अनिल ने बताया कि सुबह सवा पांच बजे प्रयागराज से चलकर दल निकला था और आठ बजे प्रतापगढ़ पहुंचा, फिर साढे. आठ बजे यह दल अयोध्या के लिये रवाना हो गया। यहां स्वागत करने वालों में पत्रकार शैलेन्द्र मिश्र, डा0 अनुराग मिश्र, अनवर हुसैन खां, समाजसेवी रीता सिंह सेंगर, डाल्फिन स्कूल के प्रबंधक अनिल त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य आशीष गुप्ता, महावीर प्रसाद त्रिपाठी, बिन्नू पुष्पजीवी, नीलम गुप्ता, प्रखर के अलावा विहिप नेता रजनीश तिवारी, ओंकार सिंह आदि रहे।

# संवैधानिक मूल्यों की रक्षा को लेकर ऐतिहासिक सफलता रचेगी भारत जोड़ो न्याय यात्राः प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने न्याय यात्रा की तैयारियों की किया समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा को लेकर ऐतिहासिक करार दिया है। शनिवार को रामपुर खास के दौरे पर आये विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने उन्नींस फरवरी सोमवार को यहां आ रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर सांगीपुर तथा लालगंज में कार्यकताओं के साथ तैयारियों की समीक्षा की।



भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते प्रमोद तिवारी।

यात्रा को लेकर लालगंज क्षेत्र के धधुआ गाजन, पूरे तिलकराम, भवराम बोझी, खेंमसरी तथा अमावां व सांगीपुर में लोगों का अपने दौरे में भारी उत्साह देख प्रमोद तिवारी कार्यक्रम की सफलता को लेकर आश्वस्त दिखे। सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज में यात्रा के विश्राम की तैयारियों का भी विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बिंदुवार तैयारियों का आकलन किया। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी के जोरदार स्वागत को लेकर दिखे उत्साह की भी हांसला आफजाई की। इसके बाद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर बाबा धाम में संत महात्माओं ने भी प्रमोद तिवारी को मंगलाशीष प्रदान किया। इसके बाद वह लालगंज स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पहुंचे। यहां कार्यकताओं में क्षेत्रीय विधायक एवं यात्रा की प्रदेश में सह संयोजक आराधना मिश्रा मोना की न्याय यात्रा में प्रभावी भूमिका को लेकर भी कार्यकताओं को प्रमोद तिवारी से मिलकर गदगद देखा गया। कार्यकताओं के साथ तैयारियों की समीक्षा के बाद सांसद प्रमोद तिवारी ने इन्दिरा चैक पर भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत की बनी रूपरेखा का अवलोकन किया। उन्होंने यात्रा को लेकर कार्यकताओं के साथ क्षेत्रीय लोगों से भी स्वयं तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से उन्नींस फरवरी को रामपुर खास में भव्य स्वागत का आहवान किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, छोटे लाल सरोज, सुधाकर पाण्डेय, डा. अमिताभ शुक्ल, केडी मिश्र, आचार्य राजेश मिश्र, हगपाल यादव, इं. सुनील पाण्डेय, महमूद आलम, सोनू शुक्ला आदि रहे।

### अवैध देसी बम के साथ गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 रोहित कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 चन्द्रभान यादव देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र रानीगंज के उगईपुर देवासा मार्ग आंवले के बाग के पास से एक व्यक्ति फूलचन्द्र पटेल पुत्र सुदामा पटेल नि0ग्राम बरहुआ भोजपुर थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ को 06 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 42/2024 धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियिम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## डम्फर ट्रक की चपेट मे आने से महिला की हुई दर्दनाक दवा, मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अब्दुल वाहिदगंज निवासी प्रेमा देबी पत्नी स्व राम सजीवन (70) वर्षीय काफी दिनों से बीमार चल रही थी शुक्रवार को अपने बेटे दुर्गेश उर्फ. राजू के साथ बाइक से कुंडा इलाज कराने गई थी। वंहा से लौटते समय थाना संग्रामगढ़ क्षेत्र के कुसुवापुर नहर पुल पर गिट्टी से लदी ओवर लोड डम्फर ट्रक ने बाइक को ओवर टेक करते समय टक्कर मार दिया जिससे अनियंत्रित होकर बाईक दूसरी तरफ गिर गयी और प्रेमा डम्फर ट्रक के पहिये के नीचे चली गई जिससे मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चला रहा प्रेम गभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी मिलते ही सग्रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दुर्गेश को उपचार के पीएससी कुसुवापु भेजा और डम्फर ट्रक व चालक को अपने कब्जे मे लेकर शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया सभी घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े ग्रामीणो की भारी भीड़ घटना स्थल पर जमा हो गई। मृतक प्रेमा के 5 बेटे व 2 बेटिया है पति की पहले ही मौत हो चुकी हैं घटना को लेकर परिजनों मे चीख पुकार मची हुई है। घटना स्थल पर जुटी ग्रामीणो मे इस बात का आक्रोश दिखाई दे रहा था कि सड़क पर चलने वाले डम्फर ट्रक व लोडेट ट्रक गिट्टी व मोरंग ओवर लोड भरकर चलाते है जो दो पहिया वाहनों को निकलने की जगह नही देते और न ही पुलिस व आर टी ओ इन ट्रको के चालक के खिलाफ पैसा कमाने के चक्कर में कोई कार्रवाई नहीं करती जिसके चलते वृद्धा की ट्रक के टायर के नीचे चले जाने से दर्दनाक मौत हो गई।

## महीनों से बंद पड़ा स्टेट बैंक परियावां का एटीम मशीन, बना शो पीस, उपभोक्ताओं में पनप रहा आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के पाइकगंज बाजार परियावां मे स्टेट बैंक के बगल लगा बैंक का एटीम मशीन दो महीने से मशीन के खराब होने के चलते बंद पड़ा है जिससे बैंक बंद होने या छुट्टी के दिनों मे ग्राहकों को ए टी एम मशीन से पैसा निकालने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एटीएम मशीन से पैसा निकालने के लिए ग्राहकों को नवाबगंज या आलापुर जाना पड़ता है। जब कि दूसरी एटीएम लगाने के लिए ब्रांच मैनेजर ने अपने उच्च अधिकारियो को अवगत करा दिया लेकिन अभी तक अधिकारियो की उदासीनता के चलते नयी एटीएम मशीन नही बदली जा सकी जिसको लेकर बैंक के उपभोक्तओ मे आक्रोश है। स्थानीय लोगो ने बैंक के उच्चअधिकारियो का ध्यान इस ओर आकृस्ट कराते हुए जल्द से जल्द नयी एटीएम मशीन लगाने की मांग की है जिससे ग्राहकों को परेशानी से निजात मिल सके मांग करने वालों में सोम सोनी, अश्वनी कुमार, संजय कुमार, जतिन, अजय, श्रवण सोनी, जतिन, अजय, सुधीर, बबलू, अनिल, गनेश ननंके, राजेश, प्रदीप, पप्पू आदि लोगों ने एजीएम का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।

# पत्रावलियों के रख-रखाव व साफ सफाई ठीक न पाये जाने डीएम ने जताई नाराजगी

### जिलाधिकारी ने तहसील पट्टी का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तहसील पट्टी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने विभिन्न कक्षों न्यायालय कक्ष, लीगल एड क्लीनिक, लेखपाल कक्ष, अभिलेखागार, राजस्व संग्रहालय/नजारत कक्ष, भूलेख कक्ष आदि कक्षों का निरीक्षण किया गया, न्यायालय एवं भूलेख कक्षों में पत्रावलियाँ दुरूस्त नही पाये गयी और साफ सफाई की व्यवस्था भी ठीक नही पायी गयी जिस पर उपजिलाधिकारी पट्टी एवं तहसीलदार पट्टी को निर्देशित किया कि अभिलेखों की पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाये तथा साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कक्ष में बैठकर विभिन्न रजिस्टरों खतौनी, पट्टा रजिस्टर, सत्यापन रिपोर्ट, आईजीआरएस, नीलामी, मत्स्य पालन रजिस्टर, भूमि आवंटन, वृक्षारोपण आदि का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस व जनसुनवाई के दौरान जो शिकायतें प्राप्त हुई थी उनकी फाइलों को देखा कि कितनों का निस्तारण किया गया है, सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई के निस्तारण के प्रकरण की स्थिति ठीक नही पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये तहसीलदार पट्टी को निर्देशित किया कि कार्यप्रणाली में सुधार लायें अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कम्प्यूटर कक्ष में जाकर वरासत एवं



पट्टी तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

खतौनी की जानकारी प्राप्त तो बताया गया कि 55 गांव बचे है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एक हफ्ते के अन्दर कार्य पूर्ण कर लिया जाये। जिलाधिकारी ने अभिलेखागार के कक्ष में बस्ते में खसरा खतौनी को खुलवाकर देखा और निर्देशित किया कि कौन से दस्तावेज कहां के है उसके सम्बन्ध में दफ्ती में लिखकर अंकन किया जाये। तहसील परिसर में ईवीएम एवं वीवी पैट प्रदर्शन/जागरूकता कार्यक्रम के रजिस्टर का अवलोकन भी किया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व जनसुनवाई के दौरान जो भी शिकायतें प्राप्त होती है उन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। लेखपालों से बुलाकर जानकारी ली जाये कि वे एक माह में जमीन से सम्बन्धित कितने प्रकरणों को देखते है। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालन हेतु जो पैसा रजिस्टर में अंकित किया जाता है उसकी रसीद एवं इन्ट्री को देखा और निर्देशित किया कि जो भी मत्स्य पालन के पैसे जमा होता है उसका वेरीफिकेशन करा लिया जाये। एसडीएम और तहसीलदार को निर्देशित किया कि सम्बन्धित वीडीओ से खेल के मैदान और तालाब की खुदाई इन सबके कार्यो में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया जाये जिससे कार्य समय से पूरे हो सके। आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण का प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करायें। न्यायालयों में विभिन्न धाराओं की जो शिकायतें आनलाइन एवं आफलाइन प्राप्त होती है उन्हें प्राथमिकता से लेते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें जिससे शिकायतकताओं को मुख्यालय एवं तहसीलों में न आना पड़े। निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।

### चोरी के अभियोग से अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के रुपये बरामद

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के थाना अंतू के उ0नि0 कौशल पति यादव द्वारा जतना के सहयोग से चोरी के 2500 रुपये के साथ अभियुक्त सूरज मिश्रा पुत्र इन्दल मिश्रा निवासी धनपुर, थाना लम्बुआ, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है।

# मृतक के गले में गांठ जमीन पर टिका पैर फिर भी पुलिस कर रही अनर्गल बयान

अखंड भारत संदेश

**महेवाघाट कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के पौर कंशीरामपुर गांव के बरम बाबा बाग में शनिवार को एक व्यक्ति उम्र करीब 60 वर्ष की लाश गमछे से पेड़ से बंधी हुई मिली है मृतक के शव के गले में गांठ लगी है जो स्पष्ट तौर से दिखाई पड़ रही है मृतक व्यक्ति के शव का जमीन पर पैर टिका है काफी प्रयास के बाद मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी है मृतक कहां का है और यहां तक कैसे पहुंचा है इस बारे में कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है मृतक के गले में गांठ और जमीन पर टिका पैर देखने के बाद फिर भी थाना पुलिस अनर्गल बयान कर रही है मृतक व्यक्ति खुद गले में गांठ नहीं लग सकता है और इस मामले में फंदा नहीं लगा है मामले की सूचना यज्ञ दत्त मिश्रा पुत्र दयाशंकर निवासी दक्ष शरीरा ने थाना पुलिस को दिया है थाना पुलिस का कहना है कि ब्यक्ति ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया है इस मामले को पुलिस डाइवर्ट करने की कोशिश कर रही है सूचना पर मौके पर थाना पुलिस ने पहुंच कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाई कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के मामले को आत्महत्या कह कर डायवर्ट करते महेवाघाट पुलिस नजर आई है हत्या को थाना प्रभारी शुरू से डाइवर्ट करते नजर आए सब कुछ साफ-साफ दिखाई पड़ने के बाद जब की महेवाघाट पुलिस ने कहा कि आत्महत्या है थाना प्रभारी की जहां आम जनता मे जमकर फजीहत हुई? तो उच्चाधिकारियो की नजरो मे भी गिरेगी फिलहाल हत्या का सही खुलासा थाना प्रभारी या उनकी टीम कर पायेगी यह अक्ष प्रश्न बना हुआ है।

मृतक व्यक्ति खुद गले में गांठ नहीं लगा सकता है और इस मामले में फंदा नहीं लगा है, थाना प्रभारी की जहां आम जनता मे जमकर फजीहत हुई तो उच्चाधिकारियो की नजरो मे भी गिरेगी



## तीन दिन से गायब युवक का मिला शव, परिजनों ने पुलिस पर समय से कार्रवाई न करने का लगाया आरोप

**कौशाम्बी।** मंझनपुर नगर कोतवाली इलाके में तीन दिन से गायब युवक का शव मिला है। तीन दिन पहले परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर आशंका जताई थी। लेकिन युवक की खोजबीन के बजाय पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल कर टरका दिया था। तीन दिन बाद खेत में युवक का शव मिला है। इससे परिजनों में आक्रोश है। मंझनपुर नगर कोतवाली के छोकरियन का पुरवा निवासी श्रीचंद रविवार की सुबह ई-रिक्सा लेकर निकला था। देर शाम तक वह घर नहीं पहुँचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दिया। काफी खोजबीन के बाद जब श्रीचंद का कही पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर अनहोनी की अंशका जताई थी। लेकिन तहरीर लेने के बाद पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। युवक का शव तीन दिन बाद खेत में मिला है आरोप है कि अगर पुलिस उसी दिन खोजबीन करती तो शायद युवक की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## केपीएस भरवारी के ऋषभ पवार एवं शिवेंद्र मिश्रा ने जेईई मेंस परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन







**कौशाम्बी।** जेईई मेंस परीक्षा के परिणामों में, भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के होनहार छात्र ऋषभ पवार 98 प्रतिशत शिवेंद्र मिश्रा 96 प्रतिशत, शिवांशु जसवारा 92.4 परसेंट आरुषि केसरवानी 91.5 परसेंट प्राप्त करके उत्कृष्टता का परिचय दिया है। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के माध्यम से अपने उत्तम क्षमताओं का प्रदर्शन किया है।इस वर्ष की परीक्षा में, बहुत सारे विद्यार्थी उत्तम अंक प्राप्त करने में सफल रहे हैं। उनके प्रयासों और संघर्ष का परिणाम यह है कि वे अपने सपनों के कॉलेज में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि इस परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हमारी ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा जाता है। इस सफलता के साथ, वे एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।आगामी चरण में, हम उन सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हैं जो अभी भी इस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उन्हें हमारी शुभकामनाएं और बेहतर भविष्य की कामना है।हम आशा करते हैं कि इस सफलता के साथ, विद्यार्थियों के सपनों को पूरा करने के लिए उन्हें नई ऊर्जा और संघर्ष की प्रेरणा मिलेगी।

### कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय

## बच्चों के साथ भोजन कर रहे सीडीओ के गले से नही उतरा निवाला

स्कूल के अध्यापक गायब रजिस्टर में फर्जी उपस्थिति दर्ज भोजन भी घटिया क्वालिटी का आखिर बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्यालयों की स्थिति को सुधारने के लिए क्या कर रहे है

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा शनिवार को कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय, कसिया पूरब, सिराथू के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग की चौपड़ व्यवस्था की पोल खुल गई है लेकिन उसके बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही करने का प्रयास मुख्य विकास अधिकारी ने नहीं किया है वार्डेन अनीता नायक तथा अध्यापिका-निशा त्रिपाठी, माया देवी, शैलजा मिश्रा व नाजनिन एवं लेखाकार प्रदीप कुमार के अनुपस्थित पाये जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सीडीओ ने निर्देशित किया कि अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिवस का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय। उन्होंने विद्यालय में छात्राओं की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया जिसमें-कक्षा-6 में 18 छात्रायें, कक्षा-07 में 11 छात्रायें एवं कक्षा-08 में 03 छात्रायें अनुपस्थित थी, परन्तु उपस्थिति पंजिका में छात्राओं की अनुपस्थिति दर्ज न करके रिक्त छोड़े जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसी प्रकार दिनांक 15 व 16 फरवरी 2024 की उपस्थिति में भी ऐसा ही किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया और छात्राओं के साथ बैठकर भोजन की गुणवत्ता की जॉच की, जिस भोजन को स्कूल के बच्चे प्रतिदिन खाते हैं बच्चों के साथ बैठे सीडीओ के गले से सरकारी विद्यालय का भोजन गले से नीचे नहीं उतर सका है स्कूल के अध्यापक गायब रजिस्टर में फर्जी उपस्थिति दर्ज भोजन भी घटिया क्वालिटी का आखिर बेसिक शिक्षा अधिकारी अभी तक इन विद्यालयों की स्थिति को सुधारने के लिए क्या कर रहे थे खंड शिक्षा अधिकारी ने अभी तक विद्यालय की चौपट व्यवस्था पर डीएम और मुख्यमंत्री को क्यों नहीं अवगत कराया है यह तमाम सवाल शिक्षा अधिकारियों पर खड़े हो गए हैं भोजन की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित फर्म को नोटिस निर्गत करते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए।



## डायट में आयोजित हुआ सामाजिक विज्ञान का पांच दिवसीय प्रशिक्षण




**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मंझनपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों हेतु सामाजिक विज्ञान के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 12 फरवरी से 17 फरवरी के मध्य किया गया। इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य भारती त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक विज्ञान को रोचकपूर्ण व सरल तरीके से बच्चों को कैसे पढ़ाया जाए कौन-कौन सी विधा अपनाई जाएं इसी संदर्भ में यह आवश्यकता आधारित सामाजिक विज्ञान का प्रशिक्षण कराया जा रहा था। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सामाजिक विज्ञान विषय की शिक्षण विधा को छात्रों के लिए रोचक और ग्राह्य बनाना है ताकि इन विषयों में उनका प्रदर्शन बेहतर हो सके। साथ ही बच्चों को खेल-खेल में समाज के बारे में बताते इस तरह शिक्षा दी जाए कि बच्चे को आसानी से विषय-वस्तु समझ में आ जाए। इस प्रशिक्षण के नोडल तथा प्रवक्ता सुश्री शबनम सिद्दीकी एवं डॉ. प्रमोद कुमार सेठ ने बताया कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में सामाजिक अध्ययन विषय से संबंधित विभिन्न अवधारणों और गतिविधियों से शिक्षकों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन डायट प्रवक्ता डॉ. प्रमोद कुमार सेठ ने विद्यालयों में सामाजिक अध्ययन विषय की आवश्यकता, महत्ता और उपादेयता पर प्रकाश डाला तथा डायट प्रवक्ता सुश्री शबनम सिद्दीकी ने शिक्षण के विभिन्न कौशलों से सभी को अवगत कराता हुए बताया कि एक अच्छे शिक्षण योजना और पाठ योजना की क्या विशेषता होती है और वह कक्षा-कक्ष में अध्यापन में किस तरह सहायक होता है तथा शिक्षण के कौन कौन से कौशल होते है। संदर्भदाता व्योमेश मिश्रा ने मानचित्र की अवधारणा और प्रयोग पर विस्तृत चर्चा की। द्वितीय दिवस वायुमंडल, मौसम एवं जलवायु क्रियाएं पर परिचर्चा की गई। डॉ. संदीप तिवारी द्वारा प्रशिक्षण की महत्ता पर चर्चा करते हुए शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया गया। तृतीय दिवस ए.आर.पी आशुतोष शुक्ला द्वारा बताया गया कि हम सामाजिक अध्ययन को रूचिपूर्ण तरीके से बच्चों को कैसे पढ़ा सकते है कौशलेंद्र मिश्र द्वारा वर्तमान समय के समाज में परिवार की उपयोगिता तथा सामाजिक अध्ययन किस तरह समाज निर्माण में अपना योगदान देता है विषय पर चर्चा की। चतुर्थ दिवस आनंद पाठक द्वारा एन.ई.पी. 2020 के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए नागरिक शास्त्र के महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया और कई गतिविधियों को भी कराया अंतिम दिवस धीरज कुमार द्वारा आकलन, मापन और मूल्यांकन के विविध पक्षों पर चर्चा करते हुए बताया कि विद्यालय में इसका प्रयोग किस तरह किया जा सकता है। प्रशिक्षण समापन के अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. अनिरुद्ध श्रीवास्तव द्वारा प्राचीन समय और वर्तमान समय की शिक्षण पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी शिक्षकों को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों के प्रति ईमानदार रहते हुए अच्छी तरह से शिक्षण कार्य करने के लिए कहा। प्रशिक्षण के समापन पर जनपद के समस्त ब्लॉक से आए हुए प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवक्ता नीतीश यादव सुरेश चंद्र मिश्र, डॉ. वंदना सिंह सहित अन्य प्रवक्ता उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद और मारपीट में वृद्ध की मौत परिजनो में कोहराम

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में मामूली बात पर हुए विवाद और मारपीट में वृद्ध को चोट आ गई,जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई,वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया,वृद्ध की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई सराय अकिल थाना क्षेत्र के दिया उपरहार गांव निवासी मनीषा पुत्री बड़कू निषाद उम्र 13 वर्ष और ऋतु पुत्री राम सिंह दोनो तराई क्षेत्र में पशुओं के लिए चारा काटने गई थी, तभी दोनो में किसी बात को लेकर गाली गलौज होने लगा,विवाद के दौरान ऋतु का भाई विशाल वहा पर आ गया और वो भी गाली देने लगा,जिसके बाद मनीषा अपने घर आकर के अपने पिता बड़कू से सारी बात बताई। जिसके बाद बड़कू, रामबाबू पुत्र भैयालाल जाकर के विशाल को मारने पीटने लगे, इतने में विशाल का दादा हरी लाल आकर के बीच बचाव करने लगा, तभी उसे कही अंदरूनी चोट लग गई और उसकी तबियत बिगड़ गई जिसे अस्पताल ले जाया गया जहा इलाज के दौरान हरी लाल की मौत हो गई।मृतक हरिलाल के पुत्र राजु का कहना है कि रामबाबू, बड़कू, मनीषा तीनो ने मिलकर के उसके पिता के सीने में मारा है जिससे उसकी मृत्यु हो गई है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है

## चोरो ने घर का दरवाजा तोड़कर लाखो का सामान किया पार

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में दावत में गए परिवार के सूने घर को चोरी ने निशाना बनाया है,चोरो ने घर का दरवाजा तोड़कर लाखो का सामान पार कर दिया,दावत से घर पहुंचे परिजन तो चोरी की जानकारी हुई,पीड़ित ने पुलिस को इसकी सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी निवासी शाद अहमद का परिवार दो दिनों के लिए रिश्तेदारी में दावत गया हुआ था,तभी पीछे से चोरी ने चोरी कर ली,शनिवार को जब परिवार वापस आया तो चोरी की जानकारी हुई,पीड़ित परिवार ने सैनी थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी,पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

## एक चीफ, एक डिप्टी तथा दो असिस्टेंट लीगल एड काउन्सिल के पदों पर चयन के लिए साक्षात्कार 20 फरवरी से 22 फरवरी तक

**कौशाम्बी।** एक चीफ, एक डिप्टी तथा दो असिस्टेंट लीगल एड काउन्सिल के पदों पर चयन किया जाना है। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में गठित चयन समिति दिनांक 20 फरवरी 2024 से दिनांक 22 फरवरी 2024 को साक्षत्कार के लिए बैठक करेंगी। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण ने देते हुए बताया कि दिनांक 20 फरवरी को चीफ लीगल एड काउन्सिल एवं डिप्टी लीगल एड काउन्सिल पद के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार विश्राम कक्ष जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष में अपरान्ह 03 बजे किया जायेंगा। इसी प्रकार दिनांक 21 एवं 22 फरवरी को असिस्टेंट लीगल एड काउन्सिल पद के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार विश्राम कक्ष जनपद न्यायाधीश में अपरान्ह 03 बजे किया जायेंगा अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद के लिए समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की मूल प्रपत्र, उनके द्वारा कम से कम 30 सत्र परीक्षणीय मामलों में अधिवक्ता के रूप में किए गए कार्य के संबंध में वकालतनामा व निर्णय की सत्यापित प्रति तथा उनके द्वारा आवेदन पत्र में दी गयी अर्हताओं के संबंध में आवश्यक प्रपत्र के साथ उपस्थित हों। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद के लिए समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की मूल प्रपत्र, उनके द्वारा कम से कम 20 सत्र परीक्षणीय मामलों में अधिवक्ता के रूप में किए गए कार्य के संबंध में वकालतनागा व निर्णय की सत्यापित प्रति तथा उनके द्वारा आवेदन पत्र में दी गयी अर्हताओं के संबंध में आवश्यक प्रपत्र के साथ उपस्थित हों तथा असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद के लिए समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की मूल प्रपत्र, उनके द्वारा फौजदारी मामलों में शून्य से तीन वर्ष के वकालत के अनुभव संबंधी प्रपत्र तथा उनके द्वारा आवेदन पत्र में दी गयी अर्हताओं के संबंध में आवश्यक प्रपत्र के साथ उपस्थित हों।

## जियो सिम का नेटवर्क फेल होने से उपभोक्ता परेशान

**कौशांबी।** भरवारी सहित आसपास के क्षेत्र मे जियो सिम का नेटवर्क फेल चल रहा है। जियो सिम के उपभोक्ता जब सड़क पर आते हैं तब मामूली नेटवर्क आ जाता है लेकिन घर के अंदर सिम का नेटवर्क गायब हो जाता है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि रिचार्ज के नाम पर जियो कंपनी उपभोक्ताओं से लंबा चौड़ा बिल लेने के बाद भी नेटवर्क के मामले में फिसड्डी साबित हो रही है जिससे जियो सिम के उपभोक्ता परेशान हैं। जियो सिम में नेटवर्क सही ना होने के कारण उपभोक्ता परेशान चल रहे हैं। यदि जियो सिम का रवैया यही रहा तो हजारों उपभोक्ता जियो सिम को दूसरे कंपनी से जोड़ने की तैयारी में लगे हैं। जियो सिम उपभोक्ताओं की माने तो शुक्रवार के दिन जियो सिम में नेटवर्क ना होने के कारण पूरे दिन किसी से बात नहीं हो पाई है।

## फोन पर बात कर रहा चालक ई रिक्शा पलटा कई यात्री घायल

**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बा के नगर पालिका कार्यालय के सामने सवारीयो से भरा ई रिक्सा चालक फोन पर बात करते हुए भरवारी की ओर आ रहा था तभी बात करते करते ई रिक्सा पलट गया इस हादसे में कई सवारियां ई रिक्शा में दब गई और उन्हें चोटें आई हैं हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है ई रिक्शा पलटते ही रिक्शा में बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और तड़प रहे थे तभी घटना की जानकारी पुलिस चौकी के सिपाही दीपक सिंह को दी गई जानकारी होने के बाद भी उक्त सिपाही मौके पर नही पहुंचा उसके बाद भी उक्त सिपाही बोला कि मैं पुलिस परीक्षा डियूटी मे भवंस मेहता में लगा हुआ हू मै आने में असमर्थ हू इस बीच घटना में गंभीर रूप से घायल लोग तड़पते रहे लेकिन कोई पुलिस मौके पर नही पहुंचा। सब मिला कर किसी तरह वहा पर मौजूद लोगो ने घायल लोगो को निजी अस्पताल पहुंचाया तब तक कोई पुलिस नही पहुंची सब मिलाकर परीक्षा ड्यूटी के चलते किसी की घटना घटे किसी की जान जाय किसी को कोई मतलब नहीं उनका एक सूत्रीय कार्यक्रम परीक्षा ड्यूटी का मतलब परीक्षा ड्यूटी ही करना हैं 'सबसे मजे दार बात तो यह हैं की जिस ई रिक्शा को जो व्यक्ति चला रहा था वह व्यक्ति खुद ही शरीर से विकलांग हैं। आखिर किसके आदेश से अपनी जिंदगी तो संभाल नहीं पा रहा ऐसे में दूसरे की जिंदगी को दाव पर लगा कर कैसे ई रिक्शा में भर कर सवारी ले जा रहा है इसकी तो जांच होनी चाहिए हादसे में जिस संदीप नामक ब्यक्ति का पैर टूटा हैं उसने बताया की विकलांग चालक नशे की हालात मे ई रिक्शा चला रहा था।

किसी का टूटा पैर तो किसी को आई गंभीर चोट पुलिस को जरिए फोन सूचना पर बोली अभी हम परीक्षा ड्यूटी पर तैनात हैं



### न्यूज झरोखा

## पुलिस परीक्षा केंद्रो का डीएम एसपी ने भ्रमण कर लिया वस्तुस्थिति का जायजा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा आज उ0प्र0 पुलिस में नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती के लिए जनपद में आयोजित लिखित परीक्षा-2023 के परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्र-दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा, देव नारायण गर्ल्स इंटर कॉलेज, डॉ0 रिजवी डिग्री कॉलेज करारी, डॉ0 ए0एच0 कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग करारी एवं डॉ0 रिजवी कॉलेज ऑफ लॉ आदि का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें

## गौ रक्षा कमांडो फोर्स संगठन में मनोज कुमार त्रिपाठी को सौंपा गया पूर्वांचल प्रभारी का भार



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के गोटैया राम का पुरवा बैर गांव निवासी मनोज कुमार त्रिपाठी पुत्र अल्प नारायण त्रिपाठी द्वारा गौ भक्ति व हिन्दूवादी विचारधारा देखकर गौ रक्षा कमांडो फोर्स मे उन्हें 'पूर्वांचल प्रभारी' का दायित्व सौंपा गया है। गौ रक्षा कमांडो फोर्स संगठन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष आचार्य दुष्यंत के द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपकर आशा व्यक्त की गई है कि मनोज कुमार त्रिपाठी पूर्ण विश्वास के साथ गौ माता की सेवा, गौ रक्षा व हर हिन्दुत्व के कार्य हेतु सदैव तन, मन व धन से तत्पर रहेंगे। साथ ही संगठन के नियमों का पालन करते हुए सम्पूर्ण पूर्वांचल में संगठन का निर्माण करेंगे और भविष्य में ऐसा कोई भी कार्य उनके द्वारा नहीं किया जाएगा जिससे संगठन के मान सम्मान में कमी आए। इसी आशा एंव विश्वास के साथ आचार्य दुष्यंत ने मनोज कुमार त्रिपाठी के उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं। संगठन के अधिकारियों के आदेश पर नियुक्ति के तीन माह के भीतर जमीनी स्तर पर काम नहीं करने पर नियुक्ति रद्द भी की जा सकती है।

## गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया




**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना कौशाम्बी के नोडल अधिकारी डॉ पवन कुमार द्वारा शिविरार्थियो को योगाभ्यास एवं प्रार्थना से प्रारंभ कराया। योगाभ्यास के उपरांत छात्र-छात्राएं गांव यूसुफपुरारा मे भारत स्वच्छ मिशन के अंतर्गत गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया एवं नुक्कड़ नाटक पूनम ,कोमल ,मीरा ,नथिया, कविता, श्रेया, ,हिमांशु, अरुण, बृजेश, आदि की टीम द्वारा प्रस्तुत कर जन जागरूकता का प्रयास किया । भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में डॉ संतोष कुमार, डॉ तरित अग्रवाल ,डॉ भावना केसरवानी, डॉ शैलेश मालवीय का आगमन हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि अशोक मौर्य उपस्थित रहे अशोक मौर्य ने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना पड़ेगा डॉ तरित अग्रवाल ने जहां स्वच्छता से होने वाले लाभों के बारे में चर्चा की वही डॉक्टर भावना केसरवानी ने प्रदूषण से होने वाली बीमारियों की चर्चा की ।कार्यक्रम का संचालन ओम केसरवानी एवं सेजल ने किया । डॉ अमित कुमार एवं डॉक्टर अनिल कुमार ने स्वच्छता अपनाने से दूर होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बोर्ड परीक्षा सेमिनार में बताए सफलता के तरीके



**कोखराज कौशाम्बी** मो शीस मेमोरियल हायर सेकंडियर स्कूल इंटर कालेज के प्रबंधक मो सलीम, प्रधानाचार्य सबीना सलीम इंटर कॉलेज चमरू पुर कोखराज में बोर्ड परीक्षा 2024 में अच्छे अंक लाने के लिए बोर्ड परीक्षा सेमिनार व विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नसीम के द्वारा परीक्षा में सफलता के मार्ग बताएं तथा समय सारणी बनाकर सभी विषयों के लिए तैयारी करने को कहा इसके साथ ही फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर तथा गिफ्ट देकर विदाई कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस मौके पर विद्यालय के अध्यापकगण रजनीकांत शुक्ल,मो आसिफ,रामसुमेर, प्रवीण कुमार, मेडिया देवी,अंशू देवी,रागनी देवी,आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## राहुल गांधी के विचार सुनने के लिए जिला उपाध्यक्ष ने की अपील



**कौशांबी।** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ पप्पू मिश्रा ने ओसा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में क्षेत्र की जनता से बैठक में अपील की है कि अधिक से अधिक क्षेत्र की जनता, किसान एवं मजदूर 18 तारीख को प्रयागराज के पावन धरती पर पहुंचकर न्याय यात्रा को सफल बनाएं। जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ पप्पू मिश्रा ने बताया कि 18 तारीख को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी प्रयागराज आ रहे हैं और उनके विचारों को सुने। इस दौरान कांग्रेस के महासचिव बरसाती लाल पांडा कौशलेश द्विवेदी, यूथ के पूर्व अध्यक्ष शशि त्रिपाठी, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रवि प्रकाश पासी, अध्यक्ष यूथ के अंकुर शुक्ला, सचिन शुक्ला, पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष राजकुमार यादव, जिला कांग्रेस कमेटी की सचिव आबिदा बेगम सहित आदि लोगों ने अपील कि है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रयागराज के आनंद भवन में 2:00 बजे पहुंचने कष्ट करें।

## पी एम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम तीसरे बैच एवं चौथे बैच का जीरो डे एसेसमेंट किया



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा शनिवार को तीसरे बैच का दिनांक 16 फरवरी 2024 को 40 प्रशिक्षार्थियों का एसेसर श्रीमती सुनीता देवी एवं दिनांक 17 फरवरी 2024 को 30 प्रशिक्षार्थियों का एसेसर स्वाती मिश्रा द्वारा जीरो डे एसेसमेंट किया गया ? पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिनांक 19 फरवरी 2024 से शुरू किया जाएगा जिनका एसेसमेंट दिनांक 24 फरवरी 2024 को किया जाएगा उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षार्थियों को जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने पी एम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत पूर्वक बताया जीरो डे एसेसमेंट में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी सतीश एसेसर स्वाती मिश्रा प्रशिक्षिका रूपा कुमारी ममता देवी मनु कुमारी आदि मौजूद रहे।

# रामकृष्ण परमहंस ब्रह्मर्षि, देवर्षि एवं त्रिकालदर्शी थे



– ललित गर्ग–

अंगुलियों पर गिने जाने योग्य कुछ महान् व्यक्तियों को समय-समय पर भारत की रत्नगर्भा वसुंधरा ने पैदा किया, जिनकी आध्यात्मिक चेतना एवं सिद्धियों से समूची दुनिया चमत्कृत होती रही है। जो युग के साथ बहे नहीं, युग को अपने बहाव के साथ ले चले। ऐसे लोग सच्चे जीवन के धनी और जीवन-चैतन्य से ओतप्रोत है। वे स्वयं आगे बढें, जन-जन को बढ़ाते चलें। ऐसे महापुरुषों-युगपुरुषों-युगांतरकारी सिद्धपुरुषों का जीवन साधनामय होता है और जन-जन को वे साधना की पगडंडी पर ले जाते हैं, प्रकाश स्तंभ की तरह उन्हें जीवन पथ का निर्देशन देते हैं एवं प्रेरणास्त्रोत बनते हैं। जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कर्तृत्व से न सिर्फ स्वयं को प्रतिष्ठित किया वरन् उनके अवतरण से समग्र विश्व मानवता धन्य हुई है। इसी संतपुरुषों, गुरुओं एवं महामनीषियों की शृंखला में एक महापुरुष हैं रामकृष्ण परमहंस।

स्वामी रामकृष्ण परमहंस एक महान संत, उच्चकोटि के साधक, विचारक, समाज सुधारक एवं सिद्धपुरुष थे। वे स्वयं भगवान नहीं थे, लेकिन भगवान से कम भी नहीं थे। उनका जन्म फाल्गुन शुक्ल की द्वितीया तिथि यानी 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत के कामारपुकुर गांव में हुआ था। जन्म के पहले ही उनके माता-पिता को कुछ अलौकिक लक्षणों का अनुभव होने लगा था, जिसके अनुसार वे यह समझ गए थे कि कुछ शुभ होने वाला हैं। इनके पिता ने सपने में भगवान विष्णु को अपने घर में जन्म लेते हुए देखा तथा माता को शिव मंदिर में ऐसा प्रतीत हुआ कि एक तीव्र प्रकाश इनके गर्भ में प्रवेश कर रहा हैं। इस साल 2024 में उनकी 189वीं जयंती व्यापक स्तर पर मनायी जा रही है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मों को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था कि सभी धर्मों का आधार प्रेम है। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। भारत का जन-जन रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना का साक्षी है, उनकी गहन तपस्या के परमाणुओं से अभिषिक्त है यहां की माटी और धन्य है यहां की हवाएं जो इस भक्ति और साधना के शिखरपुरुष के योग से आप्लावित है। संसार के पूर्णत्व को जो प्राप्त हैं, उन इने-गिने व्यक्तियों में वे एक थे। उनका जीवन ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं भक्तियोग का समन्वय था।

यो तो रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। जिनमें एक थी भैरवी जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे



श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गुरु तोतापुरी सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को परमशिव के निराकार रूप के साथ पूर्ण संयोग की दीक्षा दी। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की ही आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। मां से सीधा उनका साक्षात्कार एवं संवाद होता था। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे।

रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उन्हें अपना गुरु मान लेते थे। उनके शिष्यों की भी लम्बी श्रृंखला है, जिनमें स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। ईश्वरचंद्र विद्यासागर, विजयकृष्ण गोस्वामी, केशवचन्द्र सेन जैसे बंगाल के शीर्ष विचारक उनसे प्रेरणा प्राप्त करते थे। उन्होंने खुद एवं अपने शिष्यों के माध्यम से सारा जीवन निःस्वार्थ मानव सेवा के लिये व्यतीत किया, इनके विचारों का न केवल बंगाल के बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के बुद्धिजीवियों पर गहरा सकारात्मक असर पड़ा तथा वे सभी इन्हीं की राह पर चल पड़े।

रामकृष्ण परमहंस ने भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित करने की जागृत प्रेरणा दी। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। अध्यात्म और संस्कृति के वे प्रतीकपुरुष हैं। जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई।

इन्होंने सभी धर्मों और जातियों की एकता तथा समानता हेतु जीवनभर कार्य किया, परिणामस्वरूप इन्हें राम-कृष्ण नाम सर्व साधारण द्वारा दिया गया एवं इनके उदार विचार एवं व्यापक सोच के प्रति सभी समभाव रखते थे इसी कारण उन्हें परमहंस की उपाधि प्राप्त हुई। इन्होंने मुस्लिम तथा ईसाई धर्म की भी साधनाएँ की और सभी में एक ही ईश्वर को देखा। परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है।

श्री रामकृष्ण परमहंस की भक्ति एवं साधना ने हजारों-लाखों को भक्ति-साधना के मार्ग पर अग्रसर किया। उनके जादुई हाथों के स्पर्श ने न जाने कितने व्यक्तियों में नयी चेतना का संचार हुआ, उन जैसे आत्मद्रष्टा ऋषि के उपदेशों का अचिन्त्य प्रभाव असंख्य व्यक्तियों के जीवन पर पड़ा। उनके प्रेरक जीवन ने अनेकों की दिशा का रूपान्तरण किया। उनकी पावन सन्निधि भक्ति, साधना एवं परोपकार की नयी किरणें बिखेरती रही अतः वे साधक ही नहीं, साधकों के महानायक थे। वे ब्रह्मर्षि और देवर्षि थे- साधना-भक्ति के नये-नये प्रयोगों का आविष्कार किया इसलिये ब्रह्मर्षि और ज्ञान का प्रकाश बांटते रहे इसलिये देवर्षि। माँ काली की कृपा से वे त्रिकालदर्शी महापुरुष बन गए थे।

स्वामी विवेकानंद उनके प्रमुख शिष्य थे, उनके विचारों तथा भावनाओं का स्वामीजी ने सम्पूर्ण विश्व में प्रचार किया तथा हिन्दू सभ्यता तथा संस्कृति की अतुलनीय परम्परा को प्रस्तुत किया। स्वामीजी ने परमहंस जी के मृत्यु के पश्चात रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो सम्पूर्ण विश्व में समाज सेवा, शिक्षा, योग, हिन्दू दर्शन पर आधारित कार्यों में संलग्न रहती हैं तथा प्रचार करती हैं, इनका मुख्यालय बेलूर, पश्चिम बंगाल में हैं। रामकृष्ण परमहंस, ठाकुर नाम से जाने जाने लगे थे, बंगाली में ठाकुर शब्द का अभिप्राय ईश्वर होता हैं, सभी उन्हें इसी नाम से पुकारने लगे थे। उन्होंने स्वयं ही प्रेरक जीवन नहीं जीया, लोकजीवन को ऊंचा उठाने का जो हिमालयी प्रयत्न किया है, वह भी अद्भुत एवं विस्मयकारी है। ऐसे दिव्य संतपुरुष की नया भारत-सशक्त भारत में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके जन्म दिवस श्रद्धासुमन समर्पित है। प्रेषक

(ललित गर्ग)
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

## संपादक की कलम से

### सब्र का मीठा फल और अशोक सिंह

पुरानी कहावतें सचमुच अनुभवजन्य होती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह को राजयसभा में भेजा जाना इस कहावत को चरितार्थ करता है कि 'सब्र का फल मीठा होता है'। सब्र किसी वृक्ष का नाम नहीं है। सब्र एक मानवीय गुण है किन्तु इसकी साधना करना होती है। सब्र यानि धैर्य बहुत कम लोगों के पास होता है। कम से कम मेरे पास तो बिलकुल नहीं है, इसीलिए मेरे हिस्से में कभी कोई मीठा फल नहीं आया और अब मुझे खट्टे फल खास तौर पर अंगूर खाने की आदत लग चुकी है।

कांग्रेस के पूर्णकालिक नेता अशोक सिंह खानदानी कांग्रेसी है। उनके पितामह स्वर्गीय कक्का डोंगर सिंह खालिश गांधीवादी कांग्रेसी थे, पिता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह भी अपने पिता के पद चिन्हों पर चले और अशोक सिंह भी इसी खानदानी परम्परा का निर्वाह कर रहे हैं। संयोग से मुझे अशोक सिंह की तीनों पीढ़ियों को देखने और उनके साथ काम करने का मौका मिला है। तीनों पीढ़ियों में मितभाषी होने और मिठबोले होने का गुण एक जैसा है। ये दोनों लक्षण सब्रदार लोगों में होते हैं। इस गुण ने इस परिवार का कभी ज्यादा नुक्सान नही होने दिया और यदि हुआ भी तो इस परिवार के किसी भी सदस्य ने अपनी पीड़ा को बाहर नहीं आने दिया।

अशोक सिंह कांग्रेस के लिए पिछले दो दशक से बलिदान देते आ रहे है। वे कांग्रेस के अकेले ऐसे नेता है जिन्होंने हार–जीत की परवाह किये बिना ग्वालियर से पार्टी के निर्देश पर चार लोकसभा चुनाव लड़े और पराजित हुए, लेकिन उन्हें कभी किसी ने निराश नहीं देखा। वे कभी किसी नेता के लिए बलि का बकरा बने और कभी किसी नेता के लिए किन्तु उन्होंने कभी उफ नहीं की। एक सच्चे कांग्रेसी की तरह उनके परिवार ने जहाँ सामंतवाद का जमकर विरोध किया वहीं समय आने पर सर झुककर सामंतों की पालकी को कंधा भी दिया। ऐसा बहुत कम लोग कर पाते हैं। और आज जब सिंधिया परिवार कांग्रेस से बाहर है तो उनका संसद के उच्च सदन में पहुँचने का अनदेखा सपना भी पूरा हो रहा है। पार्टी ने अशोक सिंह के लिए संसद का जो दरवाजा आज खोला है उसी को खुलवाने में नाकाम रहने पर आज के केंद्रीय मंत्री और कल के कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी और आपने पिता की सियासी विरासत को लात मारते हुए कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था।

कांग्रेस के भावी राज्य सभा सदस्य अशोक सिंह की किस्मत से सिंधिया ही नहीं पूर्व मुख्यमंत्री समेत तमाम कांग्रेसी नेताओं को ईर्ष्या हो सकती है किन्तु अशोक सिंह इस मीठे फल के वास्तविक हकदार थे। मुझे अशोक सिंह को इस उपलब्धि के लिए बधाई देने में खुशी होती है क्योंकि उन्होंने इसके लिए कोई जोड़तोड़ नहीं की। उन्होंने एक कार्यकर्ता के नाते पार्टी के लिए जो कुबार्नी हो सकती थी वो अवश्य दी। अशोक सिंह को राज्यसभा में जाकर धन–दौलत शायद नहीं कामना है। वो ईश्वर की कृपा से उनके पास पहले से है। वे कोई प्रभात झा नहीं है। वे अशोक सिंह है। उनके ऊपर तमाम तरह के तमगे लगाए जा सकते हैं। भूमाफाया तक कहा जा सकता है। किन्तु इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हर दल उच्च सदन में उसे ही भेजता है जिसे वो लायक समझता है। कभी–कभी नालायक पात्र भी उच्च सदन का अंग बन जाते हैं।

ग्वालियर से भाजपा चाहती तो किसी भी आपने वरिष्ठ नेता को राज्यसभा में भेज सकती थी। जयभान सिंह पवैया से लेकर न जाने कितने नेता आस लिए बैठे थे, किन्तु भाजपा ने उनकी और देखा तक नहीं जबकि कांग्रेस ने अपने कोटे की इकलौती सीट पर बिना किसी हंगामे के अशोक सिंह के नाम को तवज्जो दी। अशोक सिंह के सांसद बनने से ग्वालियर का नुक्सान तो कुछ होना नहीं है, यदि होगा तो फायदा ही होग। कम से कम वे छह साल तक कांग्रेस और ग्वालियर की बात तो राज्य सभा में रखते ही रहेंगे, किन्तु उन्हें इसके लिए अब मुखर होने की साधना करना पड़ेगी। राज्य सभा उच्च सदन है वहां ऊंची आवाज में ही बोलने वालों का सम्मान होता है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को राज्यसभा में भेजकर भाजपा इन दिनों कांग्रेस के खिलाफ साड़ी भड़ास सिंधिया से ही निकलवा रही है।

ग्वालियर में बीते पांच दशक में मैंने अशोक सिंह को अशोक सिंह बनते देखा है। वे मुझसे उम्र में तीन – साल छोटे जरूर है लेकिन उनके अनुभव व्यापक हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि 'सब्र का मीठा फल' अशोक सिंह अकेले न खाएं तो और बेहतर है। उन्हें इस फल में ग्वालियर के उन कांग्रेसियों को भी हिस्सेदार बनाना चाहिए जो सामंतवाद के खिलाफ लड़ते हुए न सिर्फ बूढ़े हो गए बल्कि हांसिए पर भी चले गए। भगवान सिंह यादव, बालेंदु शुक्ल जैसे नेताओं को वो अवसर नहीं मिला जो किस्मत और समय ने अशोक सिंह को दिया है। अशोक सिंह पेशेवर कांग्रेसी नहीं है। उनका व्यवस्याय अलग है इसलिए वे एक सेवक के रूप में ही कांग्रेस में हैं, और इसी भाव से उन्हें अगले छह वर्ष कांग्रेस को देना होंगे। आने वाले दिनों की राजनीति बेहद खतरनाक होने वाली है। ऐसे में यदि वे कसौटी पर खरे उतरे तो कांग्रेस और ग्वालियर उन्हें हमेशा सम्मान देगा।

अशोक सिंह बेहद शिष्ट नेता हैं इसलिए ये तो नहीं कहा जा सकता कि वे कांग्रेस के मुख्य शत्रु सिंधिया खानदान पर आक्रामक होकर खड़े होंगे किन्तु यदि वे ऐसा कर सके तो उनके पूर्वजों को बड़ा संतोष होगा, क्योंकि उन्होंने जीवन भर सिंधिया खानदान की सामंतशाही की मुखालफत की। सजाएं भी भुगतीं और मुस्कराते रहे। अशोक सिंह उस खानदान के उत्तराधिकारी हैं जिसने मेहनत से मुंह नहीं मोड़ा। उनके पितामह को मैंने साइकल पर शहर नापते देखा है। उनके पिता को 1974 के आसपास महाराज बाड़ा पर जनता के लिए सदैव खड़े हुए देखा है। अशोक सिंह संयोग से अपने पिता और पितामह की तरह सहज उपलब्ध नहीं होते। यदि वे अपने में कुछ तब्दीली ला पाएं तो उनका अपना तो लाभ होगा ही साथ ही कांग्रेस का भी लाभ होगा। अशोक सिंह की नए रूप में उपस्थिति से कांग्रेस कितना जातीय गणित साध पाएगी ये कहना कठिन है, किन्तु ये कहना बड़ा आसान है कि सब्र का फल मीठा होता है खट्टा नहीं।

## इलेक्टोरल बांड : बड़ी अदालत का बड़ा फैसला

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए बेचे जाने वाले इलेक्टोरल बांड को यदि देश की सबसे बड़ी अदालत असंवैधानिक करार न देती तो हालांकि आसमान नहीं टूटता लेकिन न्यायपालिका के प्रति लगातार घटता विश्वास और कम हो जाता। बड़ी अदालत का ये फैसला अप्रत्याशित ही नहीं बल्कि लगातार कमजोर हो रहे लोकतंत्र और प्रदूषित हो रही चुनाव प्रणाली के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ताजा हवा के झोंके की तरह है। बड़ी अदालत के फैसले से हालाँकि चुनावी चंदे के लेनदेन पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। सरकारें कोई दूसरा रास्ता निकाल लेंगीं, हाँ फिलहाल सत्तारूढ़ दल के ऊपर संविधान के खिलाफ काम करने के आरोपों की पुष्टि जरूर हो गयी है। आपको याद ही होगा कि देश में वर्ष 2014 में सत्तारूढ़ होने के तीन साल बाद 2017 में केंद्र की भाजपा सरकार ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की घोषणा की थी। इस योजना को 29 जनवरी 2018 से कानूनी रूप से लागू कर दिया गया था। तब तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था कि इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम चुनावी चंदे में 'साफ–सुथरा' धन लाने और 'पारदर्शिता' बढ़ाने के लिए लाई गई है। लेकिन भाजपा और उसकी सरकार के 'मुंह में राम और बगल में छुरी' थी, ये किसी को पता नहीं था। योजना के तहत ये इलेक्टोरल बांड स्टेट बैंक ऑफ ऑफ इंडिया की 29 ब्रांचों से अलग–अलग रकम के बॉन्ड जारी किए गए। इनकी रकम एक हजार रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक होती थी। इसे कोई भी खरीद सकता था और अपनी पसंद की पार्टी को दान दे सकता था।




योजना के तहत, इलेक्टोरल बॉन्ड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में जारी किये गए। हालांकि, इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा उन्हीं राजनीतिक पार्टियों को दिया जा सकता था, जिन्हें लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कम से कम एक फीसदी वोट मिले हों।

राजनीतिक दलों को अनैतिक तरीके से कमाई का जरिया बने इस बांड का सबसे ज्यादा लाभ सत्तारूढ़ दल भाजपा को मिला, लेकिन विपक्षी दलों ने भी इस बंद के जरिये चुनावी चन्दा लेने से गुरेज नहीं किया। बात तो तब होती जब दूसरे दल इस चंदे का बहिष्कार करते, किन्तु सभी राजनीतिक दल चोर–चोर मौसेरे भाई निकले। किसी को कम, किसी को ज्यादा चन्दा इस बांड के जरिये मिला। दुर्भाग्य ये कि इस असंवैधानिक बांड को 'असंवैधानिक घोषित करने में सात साल लग गए। इस अवधि में जिसे जो कमाना था उसने उतना कमा लिया। अदालत के फैसले के बाद ये हजम किया गया चन्दा राजनितिक दलों से उगलवाया नहीं जा सकता। इस फैसले से सिर्फ चन्दाखोर राजनीतिक दलों को बेनकाब किया जा सकता है। इसलिए मुझे ये फैसला ताजा हवा का झोंका लगते हुए भी आधा–अधूरा लगता है।

मुमकिन है कि बड़ी अदालत के फैसले के बाद 13 मार्च को चुनाव आयोग अपनी वेब साइट पर इलेक्टोरल बांड से राजनीतिक दलों द्वारा कमाए गए चुनावी चंदे के आंकड़े जाहिर कर दे, लेकिन फिलहाल आपको बता दें कि इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता को चुनौती देने वालों में एक संस्था एडीआर का दावा है कि मार्च 2018 से जनवरी 2024 के बीच राजनीतिक पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के जरिए 16,492 करोड़ रुपये से ज्यादा का चंदा मिला है। चुनाव आयोग में दाखिल 2022–23 के लिए ऑडिट रिपोर्ट.के अनुसार के मुताबिक, बीजेपी को 1,294 करोड़ रुपये से ज्यादा का चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए मिला, जबकि, उसकी कुल कमाई 2,360 करोड़ रुपये रही. यानी, भाजपा की कुल कमाई में 40 फीसदी हिस्सा इलेक्टोरल बॉन्ड का रहा।

जाहिर है कि ये चुनावी बांड आम आदमी ने न खरीदे होंगे और न राजनीतिक दलों के खजाने में जमा कराये होंगे। ये बांड खरीदने वाले निश्चित रूप से वे औद्योगिक घराने होंगे जिनके इशारे पर सरकार कठपुतली की तरह नाचती दिखाई देती है। ये कौन लोग हो सकते हैं इनके बारे में विपक्षी दल लगातार अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। जनता भी इनके बारे में ज्यादा सोचती–समझती नहीं है। उसके लिए तो 'कोऊ नृप होय, हमने का हानि' वाली कहावत ही लागू होती है। इस काले चंदे से सत्तारूढ़ दल ने पहली बार अपनी पार्टी के संगठनात्मक ढाँचे को मजबूत किय। देश के आधे से ज्यादा जिलों में पार्टी के लिए पांच सितारा कार्यालय बनाये। लेकिन किसी ने चूं तक नहीं की, बल्कि रामनामी ओढ़कर जनता को लगातार चूना लगाने वालों को जनता का लगातार समर्थन मिला।

देश की धर्मभीरु और अंधभक्त जनता नहीं जानना चाहती कि इलेक्टोरल बॉन्ड से सबसे ज्यादा फायदा सत्ताधारी पार्टी को होता है और वो इसका अनुचित फायदा उठाती है। याचिकाकर्ता एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 2017–18 से 2021–22 के बीच भाजपा को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए 5,271 करोड़ रुपये का चंदा मिला। सबसे ज्यादा चंदा उसे 2019–20 में मिला था। वो चुनावी साल था और तब बीजेपी को 2,555 करोड़ रुपये का चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड से आया था। इसी काले चंदे कि बदौलत देश में पहली बार आजादी के बाद का सबसे मंहगा चुनाव लड़ा गया। इतना मंहगा कि अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हुए खर्च को भी पीछे छोड़ दिया गया।

आप देखेंगे कि बड़ी अदालत का फैसला आने से पहले ही सत्तारूढ़ दल अपना 'खेला' यानि खेल कर चुके है। उन्हें इन बांड्स के जरिये जो कमाना था सो कमा लिय। इसी वजह से 2024 का चुनाव भी इतना मंहगा होगा कि कांग्रेस समेत कोई दूसरा दल भाजपा के मुकाबले खड़ा ही नहीं हो पायेगा। भाजपा को हारने का सपना देखने वालों को भाजपा की मालिई हालत का अनुमान ही नहीं है। देश के किसान हों, मजदूर हों या और कोई वर्ग भाजपा का बाल बांका भी नहीं कर सकते। आज भाजपा दुनिया कि न हो लेकिन देश कोई तो सबसे मालदार पार्टी है। इस मालदार पार्टी के पास माल भी है और मालामाल करने वाले राम का नाम भी। लोकतंत्र इन दोनों से बचकर आखिर जाएगा कहाँ ? अब जनता के ऊपर है कि वो नीम बेहोशी से बाहर आये और मान ले कि बीते दस साल में देश में संवैधानिक से ज्यादा असंवैधानिक काम हुए हैं। सरकार ने अपना और अपनी पार्टी का पेट भरा है। किसानों और मजदूरों के साथ ही आम आदमी को तो केवल कमर तोड़ी है ताकि जनता सरकार के सामने तनकर खड़ी न हो पाए। अदालत ने अपना काम कर दिया है। अब जनता जाने कि उसे क्या करना है और क्या नहीं, क्योंकि चन्दाचोर अब जनता की अदालत में ही आने वाले हैं।

## बंदरगाह के विरोध में तमिल

– उपेन्द्र शंकर

बंदरगाह विस्तार के खिलाफ विरोध 2018 के अंतिम महीनों में ही शुरू हो गया था। 'पर्यावरण और वन मंत्रालय' ने परियोजना के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक 'ईएसी' (पर्यावरण मूल्यांकन समिति) का गठन किया था। इस समिति को अपनी यात्रा के दौरान इलाके के निवासियों, मछुआरों और कई कार्यकताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने प्रस्तावित विस्तार पर अपना विरोध व्यक्त करते हुए साइट का दौरा करने वाली 'ईएसी' को एक ज्ञापन भी सौंपा था।

दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में हजारों ग्रामीण गौतम अडानी के स्वामित्व वाले बंदरगाह के विस्तार के प्रस्ताव के खिलाफ लड़ रहे हैं। ग्रामीण, जिनमें से अधिकांश मछली पकड़ने से अपनी आजीविका चलाते हैं, कहते हैं कि तिरूवल्लूर जिले के कट्टुपल्ली गांव में बंदरगाह के विस्तार से उनकी भूमि जलमग्न हो जाएगी और उनकी आजीविका पर कहर बरपेगा।

133.50 हेक्टेयर का यह बहुउद्देश्यीय बंदरगाह मूल रूप से 'लार्सन एंड टुब्रो' (एलएंडटी) द्वारा निर्मित किया गया था जिसे जून 2018 में 'अदानी पोर्ट्स' द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया। कंपनी ने बाद में किनारे की भूमि के कुछ हिस्सों पर दावा करके इसे 18 गुना से अधिक क्षेत्र में विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा। संशोधित मास्टर प्लान में 2,472.85 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें 133.50 हेक्टेयर का मौजूदा क्षेत्र और 761.8 हेक्टेयर की अतिरिक्त सरकारी भूमि, 781.4 हेक्टेयर की निजी भूमि और 796.15 हेक्टेयर जमीन समुद्र से ली जाएगी।

प्रस्तावित विस्तार परियोजना में अंतर्जवारीय क्षेत्र, नमक क्षेत्र, मैंग्रोव और तटीय विस्तार क्षेत्र आते हैं। तट पर बसे करीब 100 कस्बों और गांवों के मछुआरों का कहना है कि इससे उनके काम पर गंभीर असर पड़ेगा। क्षेत्र की एक मछुआरिन राजलक्ष्मी का कहना है कि 'यहां पाई जाने वाली मछली की किस्मों की संख्या पहले ही काफी कम हो गई है। किसी भी प्रकार के विस्तार से इसकी आबादी और कम हो जाएगी।' प्रस्तावित परियोजना से 'पुलिकट झील' के आसपास की 45 बस्तियों के मछुआरों की आजीविका भी प्रभावित होगी। कट्टुपल्ली कुप्पम गांव, जो तब विस्थापित हो गया था जब 'एल एंड टी' समूह ने पहली बार बंदरगाह का निर्माण किया था, पर फिर से बेदखल होने का खतरा है क्योंकि नई परियोजना वर्तमान गांव के पास है। यदि परियोजना पूरी हो जाती है तो कुछ अन्य गांवों को भी संभावित समुद्री कटाव के कारण विस्थापन का खतरा है, जबकि कंपनी के मास्टर प्लान के अनुसार, विस्तार से बंदरगाह की कार्गो क्षमता 24.6 मीट्रिक टन से बढ़कर 320 मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो जाएगी और नए रेल और सड़क नेटवर्क विकसित होंगे जो क्षेत्र में व्यापार को बढ़ावा देंगे।

इस परियोजना को पर्यावरणविदों के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है, जो दावा करते हैं कि इससे बड़े पैमाने पर तटीय क्षरण होगा और जैव–विविधता का नुकसान होगा, विशेष रूप से स्थानीय मछली की प्रजातियों और क्षेत्र में पाए जाने वाले केकड़ों, झींगों और छोटे कछुओं का। पर्यावरणविद् मीरा शाह के मुताबिक 'यह क्षेत्र हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर पर्यावरण प्रदूषण और तटीय कटाव का सामना कर रहा है। यह विस्तार, देश की दूसरी सबसे बड़ी खारे पानी की झील 'पुलिकट' को भी नष्ट कर सकता है।' बंदरगाह विस्तार के खिलाफ विरोध 2018 के अंतिम महीनों में ही शुरू हो गया था। 'पर्यावरण और वन मंत्रालय' ने परियोजना के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक 'ईएसी' (पर्यावरण मूल्यांकन समिति) का गठन किया था।

## विचार

### आंकड़ों के खेल में फंसी है गरीबी हटाओ योजना

– जगदीश रत्तनानी– सुनील रे

विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए भारत के पास कई योजनाएं हैं, जो की जा रही हैं और कई अन्य हैं जो विफल हो रही हैं। गरीबी पर वास्तव में हमला करने की इच्छा है तो हम ईमानदारी, प्रतिबद्धता के साथ संकेतकों को सावधानी से पढ़ें और समस्या में गहरी पैठ रखने वाले संरचनात्मक मुद्दों को ठीक करने के लिए काम करें जिनके लिए समय और प्रयास दोनों की आवश्यकता होती है। विकास के लिए न कोई त्वरित समाधान है और न कोई जादू की छड़ी होती है।

लेखानुदान के रूप में प्रस्तुत 2024–25 के केंद्रीय बजट में एक बार फिर भारत की बहुआयामी गरीबी में कथित नाटकीय कमी की बात की गई है। आकर्षक सुर्खियों के तार से जुड़ी यह घोषणा पहले की घोषणाओं को दोहराती है। दावा यह है कि पिछले नौ वर्षों में 24.82 करोड़ भारतीय 'बहुआयामी गरीबी' से बाहर निकल आए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश के करीब 6 करोड़ लोग हैं। इसके बाद बिहार के 3.80 करोड़ और मध्य प्रदेश के 2.30 करोड़ लोग हैं।

यह डेटा नीति–आयोग की रिपोर्ट 'नेशनल मल्टीमेंशनल पॉवर्टी इन इंडिया सिंस 2005–06– ए डिस्कशन पेपर' पर आधारित है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी उद्धृत किया गया था ताकि विकास को 'विश्वास के रथ' के रूप में बात की जा सके जो भारत को बदल रहा है। जनवरी, 2024 में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले नौ वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उनके शब्दों में– 'हमारी सरकार ने असंभव को भी संभव बना दिया। भारत तेजी से बदल रहा है।' यह पेपर मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों को कवर करता है। संकल्प यात्रा आने वाले राष्ट्रीय चुनाव को देखते हुए दूरदराज के इलाकों में गरीबी कम करने के दावों का श्रेय लेने के लिए खुद आधिकारिक मशीनरी का उपयोग करती है। सवाल यह है कि दावा कितना उचित है और क्या यह जांच पर खरा उतरता है?

संक्षेप में कहें तो बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) परिवारों की आय या व्यय पर आधारित नहीं बल्कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों पर आधारित है जो तीन समान शक्तिशाली आयामों– स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर– तक पहुंच सहित 12 संकेतकों के माध्यम से मापा गया है। राष्ट्रीय एमपीआई वैश्विक एमपीआई से सभी दस संकेतकों को कायम रखते हुए इसमें दो अतिरिक्त संकेतक, मातृ स्वास्थ्य और बैंक खाते को शामिल करता है। प्रत्येक संकेतक में एक सुनिश्चित कट ऑफ होता है जिसके नीचे आ रहे व्यक्ति को वंचित माना जाता है। वंचितों का एक भारित योग अंक देता है। यदि उनका अभाव स्कोर 33.33 प्रतिशत की गरीबी कटऑफ के बराबर या उससे अधिक है तो उस व्यक्ति को एमपीआई गरीब माना जाता है।

एमपीआई गणना में कोविड–19 के प्रभाव को छोड़ दिया गया है मानो महामारी के दौरान स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, जीवन स्तर पर कोई प्रभाव न पड़ा हो। इन क्षेत्रों पर महामारी के कारण आए वास्तविक प्रभाव और बोझ न केवल तत्काल बल्कि अनुवर्ती प्रभाव भी पड़ते हैं जो बाद के वर्षों में भी चलते हैं। चर्चा पत्र में कहा गया है कि 'चूंकि एनएफएचएस–5 डेटा का कुछ हिस्सा महामारी से पहले एकत्र किया गया था इसलिए इस पेपर में प्रस्तुत अनुमान अर्थव्यवस्था पर कोविड के प्रभाव या बाद के सरकारी हस्तक्षेपों के निहितार्थ को पूरी तरह से प्रतिबिंबित नहीं कर सकते हैं।'

भारतीय संदर्भ में इस प्रकार गणना की गई बहुआयामी गरीबी को कुछ विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सूचकांक में स्कूली शिक्षा एक तिहाई भार वहन करती है और इसके भीतर दो संकेतक हैं: एक परिवार को तब वंचित माना जाता है यदि (अ) 10 वर्ष या उससे अधिक आयु के घर के एक सदस्य ने भी छह साल की स्कूली शिक्षा पूरी नहीं की है। (ब) कोई भी स्कूल जाने वाली आयु वर्ग का बच्चा उस उम्र तक स्कूल नहीं जा रहा है जिस उम्र में वह कक्षा 8 पूरी करेगा।

कोविड के प्रभाव को एक तरफ छोड़ दिया जाए और शिक्षा के बारे में दोनों सवालों के जवाब के परिणाम से पता चलता है कि वे 'वंचित नहीं' की श्रेणी में आते हैं, तो भी यह बताने के लिए डेटा है कि यह बहुत अधिक नहीं हो सकता। स्कूलों के बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपलब्धता और गुणवत्ता तथा स्कूल प्रणाली को प्रभावित करने वाले अन्य मुद्दों पर संदेह को देखते हुए यह स्पष्ट है कि स्कूली शिक्षा के लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सकता है और वास्तव में भी पूरा नहीं किया गया है। गैर–लाभकारी संस्था 'प्रथम' के तत्वावधान में पिछले महीने नई दिल्ली में जारी एनुअल स्टेट्स ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट रूरल 'एएसईआर 2023 : बियॉन्ड बेसिक्स' से यह बिल्कुल स्पष्ट है।

एएसईआर 2023 में पाया गया कि 'सर्वेक्षण में शामिल लगभग 85 प्रतिशत युवा, स्केल का उपयोग शुरूआती बिंदु शून्य सेमी होने पर लंबाई माप सकते हैं लेकिन यदि शुरूआती बिंदु को स्थानांतरित कर लंबाई नापने को कहें तो यह अनुपात तेजी से गिरकर 39 प्रतिशत हो जाता है। जैसा कि एएसईआर 2023 सर्वेक्षण में बताया गया है, 14–18 वर्ष के आयु वर्ग के किशोर/युवा गणित में कमजोर हैं और उनमें से 'आधे से अधिक (56.7 फीसदी) सामान्य तीन अंकीय गुणा–भाग करने में कठिनाई महसूस करते हैं' जो कौशल आम तौर पर कक्षा तीसरी–चौथी कक्षा के बच्चों से अपेक्षित है।

जीवन स्तर के संकेतक पर विचार करें जो कहता है कि यदि परिवार में किसी के पास बैंक या डाकघर खाता नहीं है तो वह एक वंचित परिवार है। हो सकता है कि बड़े पैमाने पर बैंक खाते खोले गए हों लेकिन जब इस बात पर कोई विचार नहीं है कि इनमें से कितने चालू हैं अथवा क्या इससे बैंकिंग लेन–देन या संबंधित वित्तीय गतिविधियां हुई हैं, जैसे बीमा कवरेज आदि तो यह कैसे एक विश्वसनीय संकेतक हो सकता है?

# डीएम व एसपी ने किया पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जिले के 15 केन्द्रों में शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गयी। इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द और पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती केन्द्र द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा शनिवार को जिले के 15 केन्द्रों पर हुई। इस दौरान परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने चित्रकूट इण्टर कॉलिज, जनसेवा इण्टर कॉलिज, ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज, कालिका देवी इण्टर कॉलिज पुरवा तरौंहा, भैजनाथ भरद्वाज सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज, जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, शिवाजी इण्टर कॉलिज चितरा गोकुलपुर, पालेश्वर नाथ इण्टर कॉलिज पहाड़ी, छत्रपति शाहू जी महाराज इण्टर कॉलिज रगौली, कृषक इण्टर कॉलिज भौंरी, राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, त्यागी इण्टर कॉलिज ऐंचवारा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्रों पर संचालित सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम का जायजा लेने के बाद केन्द्र व्यवस्थापक सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा सुचिता पूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यहां जो भी परीक्षार्थी आए हैं, उनके सामान को भी सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने बताया कि 15 परीक्षा केन्द्रों में चार सेक्टर मजिस्ट्रेट और 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जनपद चित्रकूट में विभिन्न जनपदों से आए कुल 34752 अभ्यर्थियों को चार पालियों में परीक्षा देना है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने भी शिवाजी इण्टर कॉलिज चितरा गोकुलपुर, सेठ राधा कृष्ण पोद्यार इण्टर कॉलिज सीतापुर, डॉ भीमराव अम्बेडकर इण्टर कॉलिज बरवारा आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

# सदर विधायक ने किया ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने जनपद के ग्राम पंचायत रसिन मजरा अलखू खेर समेत कई अन्य मजरों में जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। जहां पर अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से हुये फसल के नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाये जाने के सन्दर्भ में मौके से कृषि एवं राजस्व अधिकारियों को फोन कर स्थलीय निरीक्षण करके नुकसान की रिपोर्ट लगाकर शासन को भेजने एवं आर्थिक मदद दिलाये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि बीती 12 फरवरी की रात्रि अचानक हुई तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि के चलते किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गयी है। ओलावृष्टि से सबसे ज्यादा गेहूं, सरसों, चना, मसूर, अलसी एवं अरहर के फसल को नुकसान पहुंचा है। किसान कर्ज लेकर अच्छे किस्म के बीज बोये हुये थे, किन्तु अब फसल पूरी तरह से चैपट हो गयी है। लगभग 100 से 200 ग्राम तक के भारी भरकम ओले पडे. थे, जिससे फसल के साथ लोगों के खपरैल, घर व बाहर रखी गृहस्थी की सामग्री का नुकसान हुआ है। जनपद के अन्तर्गत कई ग्राम पंचायतों तथा उनके मजरों में 100 प्रतिशत फसल बर्बाद हो चुकी है। लोग भूखों मरने की कगार पर आ जायेगें। कृषि के अलावा किसानों के पास अन्य कोई जीविका का साधन नहीं है। यहां तक कि जुताई-बुआई व बीज भी खेतों में बोई गयी फसलों से मिलने वाला नहीं है। इस प्रकरण पर सदर विधायक ने जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन कराकर फसल नुकसान का मुआवजा दिलाये जाने की बात कही है।

# स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 के अंतर्गत ओडीएफ की स्थिति बरकरार रखने के लिए राजस्व ग्राम मवई पहरा विकासखंड कर्वी में स्वच्छता मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के प्रशिक्षक शशिकांत ने बताया कि अपने घरों में साफ सफाई से सम्बन्धित जो भी सामान प्रयोग करते हैं, यदि उसके प्रयोग करने का सही तरीका नहीं मालूम है तो उससे होने वाले लाभ से वंचित रह जाएंगे। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि साफ सफाई से सम्बन्धित वस्तुओं का सही तरीके से प्रयोग आना चाहिए, तभी उसका समुचित लाभ मिल पाएगा। मेले के माध्यम से उन्होंने घरों के साफ सफाई से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रदर्शन करके उसके इस्तेमाल करने का सही तरीके के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान शिवपूजन, रामचरण, दीप यादव, पवन यादव, रोशनी देवी, रामनरेश आदि मौजूद रहे।

## 19 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ के निदेर्शानुसार 19 फरवरी को प्रातः 10 बजे से विकासखण्ड कार्यालय परिसर मऊ में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश की प्रतिष्ठित कंम्पनियों, मदरसन प्राइवेट लिमिटेड, डीबीजी टेक्नोलॉजी इत्यादि 5 से अधिक कंम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जिनके द्वारा 1000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार के लिए अपना आवेदन स्वयंयोजना पोर्टल की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करते हुये अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं छायाप्रति के पत्रों सहित समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठायें। साथ ही ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते है।

# जनपद में धरातल पर आ रही हैं 7047 करोड की 84 परियोजनाएं, 6994 व्यक्तियों को मिलेगा रोजगार का अवसर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** औद्योगिक क्षेत्र में चित्रकूट जल्द ही नए आयामों को छुएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए प्रस्तावों पर अब कार्य शुरू होने की तैयारी हो चुकी है। 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में 7047.37 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की शुरूआत होगी। इसमें 84 निवेशक अपने प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू करने जा रहे हैं।

गत वर्ष जनवरी-फरवरी में जनपद स्तर पर इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। चित्रकूट में निवेश के लिए चित्रकूट व आसपास के जनपदों के साथ-साथ दिल्ली-एनसीआर की कई कंपनियों ने निवेश की इच्छा जताई थी जिसके अंतर्गत 279 एमओयू हस्ताक्षरित हुए थे।

अब समिट में आए प्रस्तावों को जमीन पर लाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी को लेकर 19 फरवरी को लखनऊ में तथा प्रदेश के सभी जनपदों में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जा रहा है जिसका आयोजन चित्रकूट में भजन संध्या तथा तहसील मानिकपुर परिसर में किया जा रहा है।लखनऊ में होने वाले मुख्य आयोजन का सभी जनपदों में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को भव्य बनाने के लिए विभागीय अधिकारी और प्रशासन जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि अब तक कुल 279 एम.ओ.यू. धनराशि 47391.97 करोड पर हस्ताक्षर हुए है। जिसमें 24707 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि जीबीसी के लिए 7047.37 करोड लागत की 84 परियोजनाएं अब धरातल पर आने के लिए तैयार हैं। जिसमें लगभग 6994 लोगों को रोजगार मिलेगा। जनपद के बड़े प्रोजेक्ट में अतिरिक्त ऊर्जा श्रोत विभाग के अन्तर्गत टुस्को लिमिटेड द्वारा धनराशि 4700 करोड, उद्यानिकी विभाग के अन्तर्गत शाहस्त्रभुज फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा धनराशि 500 करोड तथा शुक्ला एंटरप्राइजेज द्वारा 200 करोड व उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत वरूण बेवरेज लिमिटेड द्वारा धनराशि 496 करोड़ के प्रोजेक्ट संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त पर्यटन के क्षेत्र में बिंदीराम होटल के द्वारा 25 करोड व राम कृपा हॉस्पिटल के द्वारा 5 करोड के प्रोजेक्ट जनपद में संचालित करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि निवेशकों के लिए तहसील मानिकपुर व मऊ क्षेत्र में भूमि का चिन्हांकन किया गया है जिसमें तहसील मानिकपुर में 22 गॉव के 482.818 हेक्टेयर व तहसील मऊ में 19 गॉव के 192.194 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गयी है। जनपद में दो बडे औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भी भूमि चिन्हांकित की गई है जिसमे यूपीडा के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर हेतु विकास खंड पहाडी में 300 हेक्टेयर तथा यूपीसीडा के लिए 70 हेक्टेयर बरगढ क्षेत्र में अधिग्रहण की कार्यवाही प्रचलित है।



# पूर्व चेयरमैन भाजपा में हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद द्विवेदी भाजपा में पुनः शामिल हुए हैं। उन्होंने लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ली। उनके साथ मौजूदा नगर पंचायत अध्यक्ष रानी देवी ने भी भाजपा की सदस्यता ली। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चन्द्रकमल त्रिपाठी व जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी ने बधाई दी।

# यातायात सिपाही ने परीक्षार्थी को सौंपा खोया हुआ पहचान पत्र

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस के आरक्षी नीतेश कुमार द्वारा डियूटी के साथ मानवीय कर्तव्यों का पालन करते हुये उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए आये परीक्षार्थी का पहचान-पत्र (ड्राइविंग लाइसेंस) वापस कर परीक्षा में सम्मिलित करने में मदद की। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा डियूटी में लगे यातायात पुलिस के आरक्षी नीतेश कुमार ने सड़क पर एक पहचान-पत्र पडा हुआ देखा तो उसे उठाकर पहचान-पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर से सम्पर्क कर परीक्षा के लिए आये परीक्षार्थी रामपाल पुत्र रामराज निवासी चनहट को वापस देकर मानवीय कर्तव्यों का पालन किया। परीक्षार्थी रामपाल ने बताया कि कि वह परीक्षा देने के लिये अनिवार्य रुप से लगने वाले एक पहचान-पत्र के रुप में अपना ड्राइविंग लाइसेंस लाया था। यह ड्राइविंग लाइसेंस उसे वापस न मिलता तो वह परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाता। पहचान-पत्र को पाकर परीक्षार्थी के चेहरे की मुस्कान वापस लौट आई।

# मोदी जी चाहते हैं युवा जॉब क्रियेटर बनेः आलोक पाण्डेय

## 2014 के बाद वंचितों के विकास को योजनाएं धरातल पर पहुंचीः आलोक पाण्डेय

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूटः।** भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट ने छात्रावासों में जाकर दलित छात्रों से संवाद के माध्यम से भाजपा सरकार के विकास कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत मानिकपुर के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्रावास से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य हेमचन्द्र ने की।

भाजपा महामंत्री आलोक पांडेय ने कहा कि भाजपा की सरकार में युवाओं को रोजगार के सबसे ज्यादा अवसर मिले हैं। भाजपा की सरकार ने स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से युवाओं को बैंको के माध्यम से कम ब्याज वाले लोन दिलाए। जिसके चलते युवाओं ने अनेक क्षेत्रों में रोजगार की शुरूआत की। स्टार्टअप के वेबसाइट में अभी तक लगभग 90 हजार कंपनियों ने अपना पंजीकरण कराया। जिसमे से 150 कंपनिया यूनिकॉर्न घोषित हुई। यह कंपनियां ड्रॉप आउट विद्यार्थी, दूरगामी सोच रखने वाले युवाओं ने खोलीं है। जिसके चलते देश भर में 30 लाख लोगों को रोजगार मिला। भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष कुमार ने बताया कि भीमराव अम्बेडकर के नाम से लोगों ने पार्टियां बनाई, वोट लिए, सरकारें चलाई पर किसी ने दलित समाज के उत्थान और विकास के लिए काम नहीं किया। इतनी सरकारें और पार्टियों के बनने के बाद भी भाजपा की मोदी सरकार को

## सपा-बसपा ने सिर्फ दलितों का वोट लिया, पीएम मोदी ने कियाः आशीष कुमार

दलितों के विकास के लिए काम किया। भाजपा की ही सरकार है, जिसमें पक्के मकान, बिजली कनेक्शन, सड़के, धुआं से मुक्ति के लिए उज्वला गैस आदि योजनाओं से लाभान्वित किया। उन्होंने कहा कि सपा हो या बसपा सब लोग दलितों को भ्रमित करने के लिए आरक्षण खत्म करने का आरोप भाजपा पर लगाते रहते है। पूर्व में दलितों के ऊपर अत्याचार होते थे तो राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस रिपोर्ट नही लिखती थी। उन्होंने कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश में सकड़ों की संख्या में गुंडे और डकैत होते थे, जो दलितों का ही शोषण करते थे। भाजपा सरकार में डकैतों का खातमा हो गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास चुनाव लडने के लिए कोई विषय ही नही बचा। जिसके दम पर वह जानता के बीच जा सके। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा राकेश कोल, पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री आशीष कोल, विनोद द्विवेदी, राकेश कोल, लवकुश श्रीवास, अखिलेश रैकवार, दुर्गेश त्रिपाठी, राघव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# झोला छाप डॉक्टर की अग्रिम जमानत खारिज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बिना डिग्री के अस्पताल में मरीज का आपरेशन करने के मामले में पकड़े गए आरोपी की अग्रिम जमानत प्रभारी सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने खारिज कर दी है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि राजापुर थाने में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ उदय प्रताप सिंह ने बीती 8 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झा, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस टीम के साथ राजापुर के हेल्थ हेवेन अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। यह अस्पताल निरीक्षण में निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं मिला और अस्पताल संचालक द्वारा पंजीकरण सम्बन्धी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अलावा निरीक्षण के समय कौशाम्बी जिले के महेवा घाट का निवासी ओम प्रकाश वहां भर्ती एक मरीज भूरा का हाइड्रोसील का आपरेशन करते हुए पाया गया। ओम प्रकाश के पास चिकित्सा सम्बन्धी कोई भी प्रमाण पत्र नहीं था। जिसके बाद अस्पताल का दवा भण्डारण कक्ष, आपरेशन थ्रीएटर कक्ष शील कर दिया गया। साथ ही वहां लगे डीवीआर और अभिलेख भी शील कर दिए गए। इस मामले में बिना डिग्री के आपरेशन कर रहे ओम प्रकाश को नामजद किया गया था। अधिवक्ता के जरिए आरोपी ने न्यायालय सत्र न्यायाधीश के यहां अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद प्रभारी सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को आरोपी ओम प्रकाश का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# नौनिहालों की मौत पर सरकार उठाए सख्त कदम, पीडितों को मिले सहयोग राशि

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** अधिवक्ताओं की बैठक में एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एडवोकेट ने कहा कि चित्रकूट में सत्ताधारी जनप्रतिनिधों की तरफ से कोई ठोस कदम न उठाया जाना बेहद शर्मनाक है। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा द्वारा घटनास्थल जाकर तथा शासन को अवगत करवाना मानवता को प्रदर्शित करता है। ताली और थाली बजाकर झूठी लोकप्रियता हासिल कर निमंत्रण खाकर फेसबुक में घनिष्ठ प्रेमी बताने वाले जनप्रतिंधियो का कोई अता पता नहीं चल पाया। चित्रकूट के कुछ जनप्रतिनिधि निमंत्रण और फेसबुक में अहम ब्रमभाष्मी बता कर खुश हो लेते हैं। क्योंकि वो अहम और वहम के शिकार है। उन्होंने कड़े शब्दो में निंदा करते हुए ऐसे जनप्रिणिधियों को जनता को नकारना होगा तथा जो भी दोषी पाए जाए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो। वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि जिन नौनिहालों की मौत हुई है, सभी के परिजनों को 50-50 लाख रुपए की सहयोग राशि सरकार द्वारा दिया जाना चाहिए। कुंवर रोहित सिंह ने भी शोक संवेदना प्रकट करते हुए सभी परिजनों को शासन द्वारा तत्काल सहयोग राशि दिए जाने की बात कही। अनिल त्रिपाठी ने कहा कि बुंदेलखंड महोत्सव में आतिशबाजी का कोई मतलब नहीं था। बुंदेलखंड कलाकृतियों का ही प्रदर्शन किया जाना चाहिए था।

# नालबंद जुआ में बर्बाद हो रहे परिवार

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर, चित्रकूट।** मानिकपुर में कुछ जगह चल रहा है नालबंद जुंआ लाखों रुपये का रोजाना होता है खेल, नालबंद जुंआ के चलते कई घर हुए बरबाद दाने दाने को कई जुंआडियों के घर परिवार के लोग हुए परेशान। ऐसे ही कुछ मामले आज देखने को मिले जिस पर कई जुंआडियों के परिजनों ने नाम पता न उजागर करने की शर्त पर बताया कि इस समय मानिकपुर मे कई जगह लाखों रुपये का नालबंद जुंआ खेलाया जा रहा है। जिसमें हम लोगों के घर के कुछ सदस्य भी जुंआ खेलने की लत के चलते अपना सब कुछ हार गए हैं। यहां तक की जमीन भी गिरवी रखी है। हमारे घरों में खाने के लिए भी कुछ नहीं है। हम लोग दाने दाने को मोहताज हैं। अगर ऐसे ही नालबंद जुंआ होता, रहेगा तो न जाने कितने परिवार बरबाद होंगे।



## मानसिक विकार से ग्रसित को झाड फूंक से रखना चाहिए दूर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शनिवार को आर के सिंह मेडिकल कॉलिज परिसर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ डॉ. विनोद ने फीता काटकर किया।

डॉ. विनोद ने कहा कि मानसिक विकार से ग्रसित व्यक्ति को झाड-फूंक के चक्कर में नहीं पडना चाहिए। उसे मानसिक रोग विशेषज्ञ को दिखाकर इलाज कराना चाहिए। इलाज कराने से ही मानसिक बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बच्चो से कहा कि मानसिक रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल रही है। मानसिक रोग के लक्षण व बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार कराएं। साथ ही बताया कि नींद न आना, तनाव, घबराहट, जीवन के प्रति निराशा, डर लगना, व्यवहार में अचानक तेजी आना आदि मानसिक रोग की देन हो सकता है। इनका चेकअप कराकर इलाज कराएं।

# जगद्गुरू रामभद्राचार्य महाराज को मिला ज्ञानपीठ पुरस्कार

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** विश्व की विलक्षण प्रतिभा के धनी, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के संस्थापक, जीवन पर्यन्त कुलाधिपति पूज्य गुरुदेव जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज को भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

निजी सचिव कुलाधिपति आरपी मिश्रा ने बताया कि गुरुदेव आज लगभग शैक्षणिक जगत में शिक्षाविदों के लिए अमूल्य धरोहर है। साथ ही धार्मिक क्षेत्र में भी भारत में विशिष्ट महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्होंने वर्तमान तक लगभग 250 ग्रंथों का लेखन प्रणयन किया है, जो भारतीय समाज उन्हें युगों-युगों तक याद करेगा। उनके द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों में साहित्य सेवा, दिव्यांग जन सेवा, संत सेवा, गौ सेवा, भक्तों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने से उनके द्वारा संचालित तुलसीपीठ सेवा न्यास और तुलसी प्रक्षा चक्षु बधिर विद्यालय, कामता व जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राए ने बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित किया।

इस मौके पर युवराज आचार्य रामचन्द्र दास, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय, कुलसचिव मधुरेंद पर्वत, डॉ मनोज पांडेय, डॉ विनोद मिश्रा, डॉ महेंद्र उपाध्याय, एस पी मिश्रा, डॉ ज्योति वैष्णव, डॉ विशेष दुबे, हरिश्चंद्र मिश्रा, दलीप कुमार, रवि प्रकाश शुक्ला, डॉ रजनीश सिंह, हरिंद्र मोहन मिश्र, डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ रीना पांडेय, डॉ नीतू तिवारी, डॉ प्रतिमा शुक्ला आदि ने शुभकामनाए दी। इस आशय की जानकारी प्रभारी पीआरओ सुधीर कुमार ने दी।

# नेपाली कांग्रेस की बैठक में छाया रहा हिन्दू राष्ट्र का मुद्दा




**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के भीतर देश को फिर से हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के 26 सांसदों और अन्य नेताओं ने इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया। अगले सप्ताह शुरू हो रही पार्टी की महासमिति की बैठक में भी इस मुद्दे के छाये रहने के प्रबल आसार हैं।
नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक के दौरान दो दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने देश को पुनः हिन्दू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग को पार्टी का मुख्य मुद्दा बनाने की मांग की है। पार्टी पदाधिकारियों ने अन्य पदाधिकारियों के बीच इसको लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। पार्टी के नेता शंकर भंडारी के नेतृत्व में 26 सांसदों और केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्यों ने राष्ट्रीष अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा के समक्ष इस मुद्दे को उठाया और इसे पार्टी महासमिति की आगामी बैठक के एजेंडे में शामिल करने की मांग की।
केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में शंकर भंडारी ने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए पार्टी को इस विषय को प्रमुख मुद्दा बनाना चाहिए। भंडारी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष देउबा ने फिलहाल इस विषय पर कुछ नहीं बोला है लेकिन उन्होंने इससे जुड़े प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इससे यह विश्वास है कि महासमिति की आगामी बैठक के एजेंडे में यह विषय जरूर शामिल होगा।
हिन्दू राष्ट्र अभियान के पक्ष में दिखीं पूर्व डिप्टी स्पीकर और कांग्रेस की सांसद पुष्पा भूषाल ने कहा कि कुछ महीने पहले स्वयं पार्टी अध्यक्ष ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा था कि हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे पर पार्टी विचार कर सकती है। भूषाल का दावा है कि अगले हफ्ते से शुरू होने जा रही पार्टी की महासमिति की बैठक में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा होगी।
उल्लेखनीय है कि नेपाली कांग्रेस देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। नेपाली संसद के 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में पार्टी के 88 और 59 सदस्यीय राष्ट्रीय सभा में 16 सदस्य हैं।

# जर्मनी में विदेश मंत्री जयशंकर अमेरिकी और ब्रिटिश समकक्ष से मिले

**म्यूनिख।** जर्मनी में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटिश समकक्ष डेविड कैमरन सहित प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर हुई। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्लिंकन के साथ बैठक प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन और हिंद-प्रशांत की स्थिति पर केंद्रित थी। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों में जारी प्रगति की समीक्षा की गई। समझा जाता है कि दोनों ने भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। इससे पहले विदेश मंत्री ब्रिटिश समकक्ष कैमरन के साथ भी बैठक की। वह पेरू और बुल्गारिया के मंत्रियों से भी मिले। उन्होंने कहा कि कैमरन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर अच्छी चर्चा हुई। मंत्री ने गुजरात में चल रहे भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच का जिक्र करते हुए कहा कि इस पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। एक अन्य महत्वपूर्ण बैठक यूरोपीय संघ के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल फान्टेल्स के साथ थी। जयशंकर ने पेरू के विदेश मंत्री जेवियर गोंजालेज-ओलेचिया के साथ संयुक्त राष्ट्र सुधार और आर्थिक सहयोग के बारे में बात की और बुल्गारिया की उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों की मंत्री मारिया गेब्रियल के साथ बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने गेब्रियल के साथ यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया और जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयास में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के वन वर्ल्ड वन ग्रिड के दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में भारत द्वारा शुरू किए गए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने के बुल्गारिया के फैसले का स्वागत किया।

# इमरान खान की पत्नी बुशरा पाकिस्तान में नजरबंद, जान का खतरा

**लंदन।** संगीन आरोपों में से कुछ में सजायाफ्ता और जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान की साली मरियम रियाज वट्टू की 15 फरवरी को एक्स हैंडल पर की गई पोस्ट सुर्खियों में है। मरियम ने दावा किया है कि पाकिस्तान में उनकी बड़ी बहन बुशरा खान की जान को खतरा है। उसे बानी गाला में नजरबंद कर दिया गया है।
इस पोस्ट के बाद जिओ न्यूज चैनल ने मरियम से बातचीत के कुछ अंश प्रसारित किए हैं। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार और अन्य आरोपों का सामना कर रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा को अदालत एक मामले में 14 साल जेल की सजा सुना चुकी है। मरियम ने जियो न्यूज से कहा है, "वह अपनी बहन की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं, क्योंकि जेल अधिकारियों ने बुशरा के साथ बुरा व्यवहार किया है।" उन्होंने कहा कि जेल अधीक्षक अदियाला बुशरा की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। जिओ न्यूज के अनुसार, मरयिम एक शिक्षाविद् हैं और दुबई में रहती हैं। मरियम ने कहा कि उनकी बड़ी बहन की बेटी 10 दिन से अधिक समय बाद उनसे मिली और बताया कि बुशरा को छह दिन पहले "कुछ अजीब, बहुत तेज स्वाद वाला भोजन दिया गया, जिससे वह झुसस गई हैं। गला और पेट पूरी तरह से ऐसा हो गया है कि वह कुछ भी नहीं खा पा रही हैं, बहुत कमजोर हो गई हैं और उनकी हालत भी ठीक नहीं है। जिस पुलिसकर्मी ने उन्हें उस दिन खाना दिया था, उसका तबादला कर दिया गया है।"
मरियम ने कहा कि उसकी जांच के लिए किसी भी डॉक्टर को समय पर नहीं बुलाया गया और देरी का मतलब है कि उसकी बहन को जो कुछ दिया गया था उसका असर कम हो जाएगा। एक्स पर पोस्ट में मरियम ने कहा कि बुशरा ने जब गिरफ्तारी के लिए खुद को प्रस्तुत किया तो वह बहुत स्वस्थ थीं। उन्हें मधुमेह, उच्च रक्तचाप या अन्य कोई बीमारी नहीं है। "बहन को डर है कि उसे धीरे-धीरे बीमार कर दिया जाएगा और फिर यह घोषणा की जाएगी कि वह मर गई, क्योंकि वह बीमार और उदास थी।" मरियम ने पाकिस्तान की न्यायपालिका से अपील की है कि उनकी बहन के साथ जो हो रहा है, उस पर ध्यान दिया जाए।




# खान यूनिस के अस्पताल में इजराइली छापेमारी में पांच मरीजों की मौत, ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने से हुआ हादसा

**यरुशलम।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में गुरुवार को नासिर अस्पताल में इजराइली सैनिकों द्वारा किए हमले में ऑक्सीजन बंद होने से इमरजेंसी वार्ड में भर्ती पांच मरीजों की मौत हो गई। इजराइली सैनिकों ने हमास आतंकियों की आशंका में इस अस्पताल को घेरकर छापेमारी कर रहे थे। इजराइली बल को आशंका है कि हमास द्वारा अगवा किए बंधकों या उनके शव यहां रखे हो सकते हैं।
शुक्रवार को दक्षिण इजराइल में एक हमले में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। इजराइली पुलिस ने कहा कि संदिग्ध हमलावर को सशस्त्र नागरिकों ने मार गिराया।
गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि नासिर अस्पताल में छापा गुरुवार को तब मारा गया जब इजराइली सैनिकों ने दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल को लगभग एक सप्ताह तक घेर कर रखा था। इसमें कर्मचारी, मरीज और अन्य लोग भीषण गोलीबारी के बीच भोजन और पानी सहित अन्य सुविधाओं को लेकर संघर्ष कर रहे थे।
गाजा के अधिकारियों ने कहा है कि बीते 24 घंटे के दौरान गाजा में 112 लोगों की मौत हो गई। इस तरह अब तक गाजा में इजराइली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28,775 हो गई है। वहीं, इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें से कुछ पर आरोप है कि वे सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले में शामिल थे।
इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए विश्वसनीय और कारगर योजना के बिना दक्षिणी गाजा के शहर रफाह में सैन्य अभियान को आगे बढ़ाने के खिलाफ इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फिर से आगाह किया। हालांकि, पीएम नेतन्याहू ने फलस्तीनियों के साथ इजराइल के संघर्ष के दीर्घकालिक समाधान पर अंतरराष्ट्रीय आदेशों को शुक्रवार को अस्वीकार करने का संकल्प लिया है।

# श्रीलंका में 11 बौद्ध मंदिर पवित्र स्थल घोषित, अब ऐसे स्थलों की संख्या 142 हुई



**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने देश के महत्वपूर्ण पुरातात्विक, ऐतिहासिक और पवित्र महत्व वाले 11 बौद्ध मंदिरों को पवित्र स्थल घोषित किया है। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने आज प्रेस विज्ञप्ति में में यह जानकारी दी।
विज्ञप्ति के अनुसार एक समारोह में राष्ट्रपति के सचिव समन एकनायके ने कहा है कि देश के कई ऐतिहासिक तीर्थस्थलों को पवित्र स्थलों के रूप में नामित किया गया है। राष्ट्रपति देश के संविधान के अनुसार बौद्ध धर्म की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय भौतिक नियोजन विभाग ने महत्वपूर्ण पुरातात्विक, ऐतिहासिक और पवित्र महत्व के 11 मंदिरों को सरकारी राजपत्र में पवित्र स्थलों के रूप में नामित किया है। इनमें अंबागस्वेवा पुराण राज महाविहार, पोथुवतावाना महाविहार, अम्पारा मुहुदु महाविहार, राजा महाविहार, उद्धकंदारा राज महाविहार, श्री सद्धर्म युक्तिका वाना सेनसुना (मठ), श्री विजया सुंदरराम राजा महाविहार, शांति विहार, श्री सुधमार्राम पुराण विहार, गंभरा सिद्ध कबला मूल सून्यम देवालय और यान ओया राज महाविहार शामिल हैं। इसी के साथ श्रीलंका में पवित्र पूजास्थलों के रूप में मान्यता प्राप्त अभयारण्यों की कुल संख्या अब 142 हो गई है। एकनायके ने कहा है कि सरकार का यह कदम राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।
उन्होंने कहा कि थेरवाद बौद्ध धर्म के केंद्र महाविहार में पुरातात्विक खुदाई शुरू करने के अलावा महाविहार विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ एक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संग्रहालय का निर्माण कराने का फैसला भी किया गया है। सरकार के फैसले की बालंगोडा शोभिता नायक थेरा, गन्थुने असाजी महानायक थेरा और मेडागामा नंदवंश थेरा ने प्रशंसा की है।

# अमेरिका यात्रा पर पहुंचे थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने अपने समकक्ष संग उच्च स्तरीय वार्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिका यात्रा पर गए भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने वहां अपने समकक्ष जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के लिए परस्पर प्रतिबद्धता बढ़ाने के तरीकों पर उच्चस्तरीय चर्चा की। जनरल पांडे 13 फरवरी से अमेरिका की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह भारत के किसी सैन्य प्रमुख की कई वर्षों बाद अमेरिकी यात्रा है।भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, चर्चा का उद्देश्य द्विपक्षीय महत्व के पहलुओं और वैश्विक शांति व सुरक्षा के प्रति आपसी प्रतिबद्धता को और बढ़ाना था। जनरल पांडे ने अपनी आधिकारिक यात्रा पर फोर्ट मायर्स में पहुंचने पर अमेरिकी सेना के सलामी गारद का निरीक्षण किया और उसके बाद अर्लिंगटन नेशनल सीमेट्री में टोम्ब ऑफ अननॉन सोल्जर पर



पुष्पांजलि अर्पित की।

आधिकारिक पोस्ट में कहा गया है कि इसके बाद उन्होंने अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज और सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय चर्चा की।जनरल पांडे ने फोर्ट बेलवॉयर में आर्मी जियोस्पेशियल सेंटर का दौरा किया और फोर्ट मैकनायर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष के साथ बातचीत की। जनरल पांडे ने नेशनल गार्ड ब्यूरो (एनजीबी) के प्रमुख जनरल डेनियल होकनसन से भी मुलाकात की। उन्होंने वाशिंगटन में भारतीय दूतावास का भी दौरा किया, उपराजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन से मुलाकात की तथा महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की।

# बांग्लादेश में बस-ऑटोरिक्शा की टक्कर में सात लोगों की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश में शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे मैमनसिंह सदर उप जिला के अलालपुर में एक बस और सीएनजी से चलने वाले ऑटोरिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। कोतवाली मॉडल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (ओसी) मोहम्मद अनवर हुसैन ने इसकी पुष्टि की है।
प्रमुख अखबार ढाका टिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार यह बस शेरपुर जा रही थी। ओसी मोहम्मद अनवर हुसैन ने कहा कि यह बस आदिल परिवहन की है। अलालपुर में बस विपरीत दिशा से आ रहे सीएनजी चालित ऑटोरिक्शा से टकरा गई। हादसे में ऑटो ड्राइवर समेत सात लोगों की मौके पर मौत हो गई। इनमें चार की पहचान बाबुल अहमद (45), उनकी 35 वर्षीय पत्नी शिला अख्तर और उनके बेटे मोहम्मद सादमान और 25 वर्षीय ऑटोरिक्शा चालक अलअमीन हुसैन के रूप में हुई है। बाकी मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। जिला प्रशासन ने अंतिम संस्कार के लिए 20,000 टका देने की घोषणा की है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# म्यांमार में सशस्त्र बलों और विद्रोहियों के ताजा संघर्ष से बांग्लादेश में दहशत

**ढाका।** बांग्लादेश के नागरिक सीमापार म्यांमार में सशस्त्र बलों और विद्रोहियों ( अराकान सेना) के बीच हुए ताजा संघर्ष से दहशत में हैं। म्यांमार के रखाइन राज्य में तेज धमाकों और भीषण गोलीबारी से बांग्लादेश के कॉक्स बाजार के टेकनाफ उप जिला में नफ नदी सीमा के पास स्थित घरों की दीवारों पर हुए कंपन से लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में बाहर आ गए। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार मोर्टार शेल के विस्फोटों की आवाज से बांग्लादेश के लोग थर्रा गए। ह्विला, सबरंग और सेंट मार्टिन द्वीप में रहने वाले बांग्लादेश के लोगों ने शुक्रवार सुबह से दोपहर करीब 2:45 बजे तक मोर्टार गोले दागने की आवाज सुनी। टेकनाफ नगर पालिका में नफ नदी के पास रहने वाले मोहम्मद इस्लाम ने कहा, "शुक्रवार सुबह से म्यांमार सीमा पर रुक-रुक कर भारी गोलाबारी की आवाज सुनाई दे रही है। हमारे घर हिल रहे हैं। कभी-कभी ऐसा महसूस होता है, जैसे भूकंप आ गया हो।"
अखबार की रिपोर्ट के अनुसार,



टेकनाफ-2 बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहिउद्दीन अहमद ने कहा है, "मुझे म्यांमार के अंदर भारी गोलीबारी की खबर मिली है।
परिणामस्वरूप, सीमा पर गश्त बढ़ा दी गई है।" स्थानीय लोगों ने यह भी बताया है कि एक हेलीकॉप्टर बांग्लादेश के शापुरी द्वीप के दूसरी छोर पर म्यांमार के माउंगडॉ के ऊपर से उड़ान भर रहा था। उन्होंने कहा, सीमा पार के गांवों में जुंटा सरकार और अराकान सेना के बीच भारी झड़पें हो रही हैं। दोनों पक्ष भारी हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सीमावर्ती इलाकों में घर हिल रहे हैं। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार एक अधिकारी ने कहा है,"हमें ऐसा लगा जैसे हमारे कार्यालय की छत पर कुछ गिर गया हो।" शापुरी द्वीप के पास सीमावर्ती क्षेत्र के निवासी रसेल ने कहा, "मैं सुबह से म्यांमार के रखाइन राज्य से गोलियों की आवाज सुन रहा हूं। द्वीप के लोग डरे हुए हैं।" ढाका ट्रिब्यून ने इस संबंध में टेकनाफ उप जिला में यूएनओ के अधिकारी अदनान चौधरी से बातचीत की है।